



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 35 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 05 नवंबर 2025 डाक 06 नवंबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
प्रयागराज में संगम पर महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि उर्फ टीना मां के पट्टाभिषेक अनुष्ठान के दौरान किन्नर अखाड़ा के सदस्य



**देश-विदेश**
छत्तीसगढ़ पैसेंजर ट्रेन-मालगाड़ी हादसे में 11 की मौत



**कोरिया पेज**
15 से होंगी धान खरीदी प्रारंभ 9 नवम्बर से किसानों को जारी होंगे टोकन



## काम कर गया भारत का दबाव, जाकिर नाइक की बांग्लादेश में नो एंट्री, यूनुस सरकार बोली- भगोड़े को शरण नहीं देंगे

**नईदिल्ली 05 नवंबर [एजेंसी]।**



बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारतीय मूल के इस्लामिक कट्टरपंथी और भगोड़े जाकिर नाइक को बांग्लादेश में प्रवेश की अनुमति नहीं देने का फैसला किया है। यह निर्णय मंगलवार को सचिवालय स्थित गृह मंत्रालय के बैठक कक्ष में कानून एवं व्यवस्था कोर कमेटी की बैठक में लिया गया है। सूत्रों के हवाले से प्रोथोम अलो ने बताया कि बैठक में जाकिर नाइक की संभावित यात्रा पर चर्चा हुई। रिपोर्ट में कहा गया है, अगर जाकिर नाइक बांग्लादेश आते हैं, तो वहां भारी भीड़ होगी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में कानून प्रवर्तन कर्मियों की आवश्यकता होगी। जाकिर नाइक की बांग्लादेश यात्रा को देखते हुए, फिलहाल वहां इतने सारे सदस्यों को तैनात करने का कोई अवसर नहीं है।

कानून एवं व्यवस्था पर कोर कमेटी की बैठक गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी की अध्यक्षता में हुई। स्पार्क इवेंट मैनेजमेंट नामक एक कंपनी ने हाल ही में अपने फेसबुक पोस्ट पर घोषणा की कि वे नवंबर के अंत में जाकिर नाइक को बांग्लादेश लाएंगे। कंपनी ने कहा, स्पार्क इवेंट मैनेजमेंट, डॉ. ज़ाकिर नाइक बांग्लादेश टूर 2025 का इकलौता अधिकृत आयोजक है। यह कार्यक्रम बांग्लादेश सरकार की अनुमति और संबंधित अधिकारियों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। बांग्लादेश सरकार ने रविवार को कहा कि उसने भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा एक प्रमुख इस्लामी कट्टरपंथी की बांग्लादेश यात्रा की संभावना के बारे में की गई टिप्पणी का संज्ञान लिया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एसएम महबूबुल आलम ने रविवार को एएनआई को बताया, हमने भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की ओर से एक प्रमुख इस्लामी स्कॉलर की बांग्लादेश यात्रा की संभावना के बारे में की गई टिप्पणी का संज्ञान लिया है।

### सबसे ज्यादा ठंड अंबिकापुर में पड़ी

**रायपुर 05 नवंबर।** वातावरण में मौजूद नमी में कमी होने की वजह से रात में ठंड की वापसी होने लगी है। आने वाले तीन दिनों में तापमान में गिरावट आने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। प्रदेश में मौसम अब सामान्य होने लगा है जिससे नवंबर की ठंड महसूस होने लगी है। रात में मौसम ठंडकता लिए हुए मगर दिन की धूप अभी भी परेशान करने वाली है। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश में सबसे ज्यादा ठंड अंबिकापुर में पड़ी, यहां रात का पारा 12.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## गुरु नानक जयंती और देव दीपावली पर पीएम मोदी, राहुल, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं



**नईदिल्ली 05 नवंबर [एजेंसी]।**

गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व और कार्तिक पूर्णिमा-देव दीपावली पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी और उनकी शिक्षाओं को मानवता के लिए प्रेरणास्रोत बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, गुरु नानक देव जी का जीवन और संदेश सदैव मानवता का मार्गदर्शन करते रहते हैं। करुणा, समानता, विनम्रता और सेवा पर आधारित उनकी शिक्षाएं अत्यंत प्रेरक हैं। प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर करें कि उनका ब्रह्म प्रकाश हमेशा हमारी पृथ्वी को प्रकाशित करता रहे। इसी के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक अन्य एक्स पोस्ट में लिखा, देश के अपने सभी परिवारजनों को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की कोटि-कोटि शुभकामनाएं। भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से जुड़ा यह दिव्य अवसर हर किसी के लिए सुख, शांति, आरोग्य और सौभाग्य लेकर आए। पावन स्नान, दान-पुण्य, आरती और पूजन से जुड़ी हमारी यह पवित्र परंपरा सबके जीवन को प्रकाशित करे। गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर बुधवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुभकामनाएं दी। राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि गुरु नानक देव की करुणा, प्रेम, सौहार्द और 'सरबत दा भला' की शिक्षाएं हम सभी के लिए सदैव मार्गदर्शक रहेंगी। उनके आदर्श संपूर्ण मानवता के लिए प्रकाशपुंज हैं, जो हमें सद्भाव और सेवा के पथ पर चलने की प्रेरणा देते हैं। आप सभी को गुरु पूरब की लख-लख बधाइयां।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पोस्ट में लिखा कि हम सभी को गुरु नानक देव के 556वें प्रकाशोत्सव और गुरुपर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। गुरु नानक देव जी के शाश्वत ज्ञान ने न केवल सिख धर्म की नींव रखी, बल्कि मानवता को एकता, सहानुभूति, निस्वार्थ सेवा और समानता की ओर भी प्रेरित किया। जैसा कि गुरु नानक देव ने कहा था, करुणा और विनम्रता ही मनुष्य के सच्चे आभूषण हैं। इस पावन अवसर पर, आइए हम सत्य, शांति, प्रेम और सरबत दा भला, सभी का कल्याण के मूल्यों को अपनाकर उनकी शिक्षाओं का सम्मान करें।

## कफ सिरप को लेकर पुलिस और बीएसएफ के जवान भिड़े, तीन घायल

**नदिया 05 नवंबर [एजेंसी]।**

पश्चिम बंगाल में नदिया जिले के चापड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत शिमनगर इलाके में मंगलवार शाम को पुलिस और बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के जवानों के बीच झड़प हो गई। कफ सिरप की तस्करी को लेकर हुई इस झड़प ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया। इस घटना में एक पुलिस अधिकारी सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने घटना के तुरंत बाद एक बीएसएफ जवान को हिरासत में लिया, हालांकि पूछताछ के बाद उसे रिहा कर दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह पूरी घटना तस्करी की एक बड़ी खेप से जुड़ी हुई है।



करीमपुर क्षेत्र से एक वाहन में लगभग 11 पेटी कफ सिरप की तस्करी करके चापड़ा की ओर ले जाया जा रहा था। गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने शिमनगर में नाकाबंदी की। पुलिस की मौजूदगी का अंदाजा लगते ही तस्कर वाहन छोड़कर फरार हो गए और कफ सिरप की पेटियां मौके पर ही छोड़ दीं। पुलिस ने जब्ती की कार्रवाई शुरू की, तभी सीमानगर बीएसएफ कैंप से कुछ जवान मौके पर पहुंचे और पुलिस को रोककर सिरप की खेप को अपने कब्जे में लेने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार बीएसएफ जवानों ने दावा किया कि यह क्षेत्र उनके अधिकार क्षेत्र में आता है और तस्करी सीमा से संबंधित है, इसलिए जब्ती का अधिकार उन्हें है। पुलिस ने तर्क दिया कि सूचना उनके पास थी और कार्रवाई स्थानीय थाने की जिम्मेदारी है। इसी गलतफहमी के चलते दोनों पक्षों में तीखी बहस शुरू हो गई, जो देखते-देखते हाथापाई में बदल गई। इस झड़प में कुछ लोगों के घायल होने की भी सूचना है। घटना की जानकारी मिलते ही नदिया जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। उन्होंने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि गलतफहमी के कारण ऐसे हालात बने।

### शांतिपूर्ण चुनाव के लिए पुलिस अलर्ट, नालंदा में फ्लैग मार्च से लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा

**नालंदा।** आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से परवलपुर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस और अर्धसैनिक बलों की भारी संख्या में उपस्थिति रही। क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में दिखा। फ्लैग मार्च परवलपुर थाना क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों में चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से परवलपुर बाजार सीता बिगहा वाना बीगहा कल्याणपुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों को कवर किया गया। लोगों ने अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर पुलिस बल की मौजूदगी को देखा और सुरक्षा को लेकर संतोष व्यक्त किया।

### रिएलिटी शो डांसर की बेंगलुरु में दर्दनाक मौत, कार से उतरते ही ट्रक ने कुचला

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में एक ट्रक ने 36 वर्षीय मशहूर रिएलिटी शो डांसर की कार को टक्कर मार दी।



टक्कर इतनी भयानक थी कि डांसर की मौके पर ही मौत हो गई। यह पूरा हादसा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मृतक की पहचान सुधीन्द्र के रूप में हुई है, जो कई टीवी रिएलिटी शो का भी रह हिस्सा चुके हैं। सुधीन्द्र ने नई मारुति सुजुकी इको कार खरीदी थी। वो बेंगलुरु से त्यामागोंडलु अपने भाई को नई कार दिखाने जा रहे थे।

### चुनार स्टेशन पर बड़ा हादसा

## ट्रेन की चपेट में आने से 6 श्रद्धालुओं की मौत



**मीरजापुर, 05 नवंबर [एजेंसी]।**

चुनार रेलवे स्टेशन पर बुधवार की सुबह बड़ा हादसा हुआ। रेल लाइन पार करते समय हावड़ा-कालका मेल ट्रेन की चपेट में आने से छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसा के शव क्षत-विक्षत हो गए, जिन्हें पहचान पाना मुश्किल हो रहा है। जीआरपी और आरपीएफ के जवानों ने शवों के टुकड़े इकट्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सोनभद्र की ओर से आने वाली गोमो-प्रयागराज बरवाडीह पैसेंजर ट्रेन सुबह करीब सवा नौ बजे प्लेटफार्म नंबर चार पर पहुंची। उसमें सवार श्रद्धालु कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए चुनार आए थे। प्लेटफार्म नंबर चार पर उतरने के बाद वह विपरीत दिशा में प्लेटफार्म नंबर तीन की ओर जाने के लिए रेल लाइन पार करने लगे।

इसी दौरान थ्रू जा रही कालका मेल की चपेट में आ गए। हादसे के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। जीआरपी व आरपीएफ मृतकों की पहचान कराने में जुटी है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर हनुमान गढ़ी मंदिर में लगा भक्तों का तांता, श्रद्धालुओं पर की गई पुष्प वर्षा

**अयोध्या, 05 नवंबर [एजेंसी]।**

हिंदू धर्म के सबसे पवित्र त्योहारों में से एक कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर यानी बुधवार को मनाई जा रही है। प्रयागराज, हरिद्वार, रायबरेली और कई धार्मिक स्थलों पर भक्त आस्था की डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। प्रयागराज के घाटों पर तो श्रद्धालुओं का तांता लगा ही हुआ है, स्नान के बाद भक्त हनुमान गढ़ी मंदिर में भी पहुंच रहे हैं और पुलिस प्रशासन भक्तों पर पुष्प वर्षा कर रहा है। कार्तिक पूर्णिमा पर हनुमान गढ़ी मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों का आगमन हुआ है। बाबा हनुमान जी के दर्शन के लिए मंदिर के बाहर तक लाइन लगी है और पुलिस प्रशासन भक्तों को अलग-अलग कतारों के जरिए मंदिर के भीतर प्रवेश दे रहे हैं। भले ही मंदिर में भीड़ है, लेकिन भक्त लंबा इंतजार करने के साथ-साथ भगवान हनुमान के जयकारे भी लगा रहे हैं। मंदिर में दर्शन करने के लिए आई महिला भक्त ने आईएएनएस को बताया कि भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन की व्यवस्था बहुत अच्छी है, सभी भक्तों को अच्छे से दर्शन कराया जा रहा है, भले ही भीड़ ज्यादा है लेकिन पुलिस-प्रशासन ने सब संभाल रखा है और दर्शन के समय किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई। सीएम योगी के नेतृत्व में मंदिर प्रशासन और पुलिस प्रशासन मिलकर सब कुछ कर रहे हैं। एक अन्य महिला श्रद्धालु ने बताया कि दर्शन करके बहुत अच्छा लगा और दर्शन करने आए भक्तों पर फूलों की वर्षा भी की गई।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेरा, मुठभेड़ जारी



**जम्मू, 05 नवंबर [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है। किश्तवाड़ जिले के वन क्षेत्र में आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने किश्तवाड़ के छतरू में यह अभियान शुरू किया। आतंकियों के खिलाफ इस अभियान को ऑपरेशन छतरू नाम दिया गया है। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीमें किश्तवाड़ में इस ऑपरेशन में शामिल हैं। व्हाइट नाइट कोर ने ऑपरेशन छतरू के बारे में जानकारी देते हुए एक्स पोस्ट में लिखा, बुधवार तड़के जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर एक खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान में व्हाइट नाइट कोर के सतर्क जवानों ने छतरू के सामान्य क्षेत्र में आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया। आतंकवादियों के साथ गोलीबारी हुई। अभियान जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर सुरक्षाबलों ने मंगलवार शाम किश्तवाड़ जिले के छतरू के वन क्षेत्र में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। अधिकारियों ने कहा, जैसे ही सुरक्षाबल छिपे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंचे, उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई, जो अभी जारी है। मुठभेड़ के बाद किश्तवाड़ शहर में सुरक्षाबलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और पुलिस व अर्धसैनिक बल की टीमें पूरे क्षेत्र में वाहनों की जांच कर रही हैं।

किश्तवाड़ के ऊंचाई वाले इलाकों में स्थित छतरू इलाके में पिछले एक साल में आतंकी गतिविधियां देखी गई हैं, जिन पर सुरक्षाबलों ने लगातार नजर रखी है। हालांकि, यहां सुरक्षा बलों ने हाल के महीनों में आतंकवाद-रोधी अभियानों को तेज किया है।

## भारतीय मूल की गजाला हाशमी चुनी गई वर्जीनिया की लेफ्टिनेंट गवर्नर, इस पद पर पहुंचने वाली पहली मुस्लिम



**वॉशिंगटन 05 नवंबर।** अमेरिका के वर्जीनिया प्रांत में भारतीय मूल की गजाला हाशमी लेफ्टिनेंट गवर्नर चुनी गई हैं। राज्य के इस शीर्ष पद पर पहुंचने वाली गजाला हाशमी पहले मुस्लिम और दक्षिण एशियाई मूल की महिला हैं। 61 वर्षीय डेमोक्रेट नेता गजाला हाशमी ने लेफ्टिनेंट गवर्नर पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के नेता जॉन रीड को हराया। वर्जीनिया में मंगलवार को मतदान हुआ था। अमेरिका की राजनीति में भारतीय मूल के लोगों की बढ़ती हिस्सेदारी का ही नतीजा है कि साल 2025 में हो रहे चुनाव में अमेरिका में अहम पदों पर 30 से ज्यादा भारतीय अमेरिकी और दक्षिण एशियाई उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। गजाला हाशमी एक शिक्षक रही हैं और समावेशी मूल्यों और सामाजिक न्याय की पैरोकार हैं। गजाला हाशमी ने सार्वजनिक शिक्षा, वोटिंग अधिकार और लोकतंत्र की सुरक्षा, बंदूक हिंसा की रोकथाम, पर्यावरण, आवास और किफायती स्वास्थ्य सेवा जैसे मुद्दों को अपनी प्राथमिकता बताया। सामुदायिक संगठन द इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट फंड ने वर्जीनिया के लेफ्टिनेंट गवर्नर के लिए आम चुनाव में हाशमी की ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई दी। इम्पैक्ट ने कहा कि उसने हाशमी के अभियान में 175,000 अमेरिकी डॉलर का निवेश किया था ताकि मतदाताओं को एकजुट किया जा सके और सरकार के हर स्तर पर प्रतिनिधित्व को मजबूत किया जा सके। इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट फंड के कार्यकारी निदेशक चिंतन पटेल ने हाशमी की जीत को समुदाय और लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया। हाशमी पहली बार नवंबर 2019 में वर्जीनिया सीनेट के लिए चुनी गई थीं।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## राजद प्रत्याशी लल्लू मुखिया समेत 6 के खिलाफ FIR, तेजस्वी यादव पर भी बैठी जांच

**बाढ़, 05 नवंबर [एजेंसी]।**

पंडारक के करण कुमार नामक युवक ने पंडारक थाने में लल्लू मुखिया सहित आधा दर्जन नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार, करण कुमार ने बताया कि सोमवार को जब वह प्रसाद लेकर अपने घर जा रहा था, तब सभी आरोपी उसे अपनी गाड़ी में बैठा लेते हैं और राजद के पक्ष में मतदान करने का दबाव डालते हैं।विरोध करने पर आरोपितों ने उसे बुरी तरह से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। ग्रामीण एसपी अपराजित लोहान ने कहा कि मामले में छह लोगों को नामजद किया गया है और जांच जारी है। विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी। लल्लू मुखिया ने इस आरोप को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि पंडारक उनका क्षेत्र नहीं है, उनका विधानसभा क्षेत्र केवल ढिबर पंचायत तक सीमित है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे पिछले आठ दिनों से पंडारक नहीं गए हैं और



चुनाव आयोग द्वारा उन्हें जो अंगरक्षक दिया गया है, वह हमेशा उनके साथ रहता है। बाढ़ के गुलाबबाग गांव स्थित राधा कृष्ण पार्क में आयोजित चुनावी सभा के दौरान राजद के अभिकर्ता रणवीर कुमार यादव पर केस दर्ज किया गया है। सीओ नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मंच पर केवल दस व्यक्तियों के बैठने का आदेश था, जबकि वहां दस से अधिक लोग उपस्थित थे। सभा में एक हजार से अधिक लोग शामिल थे। यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

इसी प्रकार, जन सुराज पार्टी के अभिकर्ता और प्रत्याशी पर भी केस दर्ज किया गया है। सीओ ने कहा कि पोस्टर लगाने पर भी रोक थी, लेकिन यह उल्लंघन किया गया। पुलिस ने इस मामले में भी जांच आरंभ कर दी है। बाढ़ अनुमंडल के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में लगातार फ्लैग मार्च कराया जा रहा है, ताकि लोग निर्भीक होकर मतदान कर सकें। पुलिस ने लोगों को भरोसा दिलाया है कि किसी के झांसे में आकर या किसी के दबाव में मतदान न करें। वहीं, पंडारक पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में बाइक से रैली के रूप में पुलिसकर्मियों को कई गांवों में भेजा और लोगों से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की।


राज्य अलंकरण एवं
'रजत महोत्सव'
समापन समारोह 2025
5 नवंबर 2025 | सायं 4 बजे
राज्योत्सव मैदान, नवा रायपुर अटल नगर
श्री विष्णु देव साय
मान. मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
मान. प्रधानमंत्री
मुख्य अतिथि
श्री सी.पी. राधाकृष्णन
मान. उपराष्ट्रपति
अध्यक्ष
श्री रमेन डेका
मान. राज्यपाल, छत्तीसगढ़
अतिविशिष्ट अतिथि
श्री विष्णु देव साय
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
विशिष्ट अतिथि
श्री तोखन साहू
मान. केन्द्रीय राज्यमंत्री
डॉ. रमन सिंह
मान. अध्यक्ष, विधानसभा छत्तीसगढ़
श्री अरूण साव
मान. उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री विजय शर्मा
मान. उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री रामविचार नेताम
मंत्री, छत्तीसगढ़
श्री दयाल दास बघेल
मंत्री, छत्तीसगढ़
श्री केदार कश्यप
मंत्री, छत्तीसगढ़
श्री लखन लाल देवांगन
मंत्री, छत्तीसगढ़
श्री श्याम बिहारी जायसवाल
मंत्री, छत्तीसगढ़
श्री ओ.पी. चौधरी
मंत्री, छत्तीसगढ़
श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े
मंत्री, छत्तीसगढ़
श्री टंकराम वर्मा
मंत्री, छत्तीसगढ़
श्री गजेन्द्र यादव
मंत्री, छत्तीसगढ़
श्री राजेश अग्रवाल
मंत्री, छत्तीसगढ़
श्री गुरू खुशवंत साहेब
मंत्री, छत्तीसगढ़
डॉ. चरणदास महंत
नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़
श्री बृजमोहन अग्रवाल
सांसद, रायपुर
श्री राजेश मूणत
विधायक
श्री पुरन्दर मिश्रा
विधायक
श्री मोती लाल साहू
विधायक
श्री अनुज शर्मा
विधायक
श्री सुनील सोनी
विधायक
श्री इंद्र कुमार साहू
विधायक
एवं
समस्त सांसद, विधायक, निगम मंडल, आयोग, जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यगण,
महापौर रायपुर एवं सरपंच की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।
आप सादर आमंत्रित हैं।
सूर्यकिरण
एयरोबेटिक शो
प्रातः 10:00 बजे | सेंध जलाशय, नवा रायपुर अटल नगर
हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें
लखपति दीदी सम्मेलन
दोपहर 02:00 बजे
स्टेट स्कूल ग्राउंड, राजनांदगांव
हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें
S-45791/90
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

## सतनामी समाज की बैठक 9 को विभिन्न बिंदुओं पर होगी चर्चा

जांजगीर-चांपा। सर्व सतनामी समाज जांजगीर की बैठक रविवार 9 नवम्बर को दोपहर 2.30 बजे गुरू घासीदास प्रांगण केरा रोड जांजगीर में आयोजित की जाएगी। बैठक में निम्न प्रमुख विषयों पर चर्चा की जाएगी। शहर की सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विचार, 18 दिसम्बर को आयोजित होने वाली बाबा गुरु घासीदास जयंती के कार्यक्रम निर्धारण पर निर्णय, वर्ष 2024 के आर्थिक विवरण एवं बचत राशि का समाज के समक्ष प्रस्तुतिकरण, वर्ष 2021 में कांग्रेस सरकार द्वारा प्रस्तावित भूमि आबंटन के विषय पर विशेष विमर्श, समाज के नाम भूमि रजिस्ट्री हेतु कोष संग्रह व समिति गठन का निर्णय, अध्यक्षीय कार्यकाल की समीक्षा एवं समाज में नशामुक्ति अभियान प्रारंभ करने पर चर्चा, गुरूद्वारा निर्माण की रूपरेखा पर विस्तृत विचार-विमर्श शामिल है। बैठक के समापन पर समाज के समर्पित कार्यकर्ता स्व. साहिल बघेल की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा जाएगा। सर्व सतनामी समाज जांजगीर के सचिव चंद्रकुमार मिरी एवं प्रवक्ता विजय कुमार मनहर ने बैठक में शामिल होने की अपील की है।

## देवरीमठ में एक दिवसीय जसगीत प्रतियोगिता आज

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरीमठ के शंकर चौक जोरवा पारा में कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर एक दिवसीय जस गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन 5 नवंब बुधवार को रात्रि 8 बजे से रखा गया है। आयोजन को लेकर ग्राम वासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## हसदेव स्कूल के बच्चे पहुंचे गार्डन, स्पर्धाओं में लिया भाग

**चांपा।** सर्वांगीण विकास शिक्षा समिति के अध्यक्ष मोहन गुलाबानी के निर्देशन और प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में चांदवली देवी झांझरिया मेमोरियल हसदेव पब्लिक स्कूल चांपा के नर्सरी से केजी-2 तक के विद्यार्थियों ने 4 नवंबर को जांजगीर स्थित बीडीएम गार्डन का शैक्षणिक भ्रमण किया। बच्चों ने गार्डन में झूलों का आनंद लिया, विभिन्न खेलों में भाग लिया और पूरे उत्साह से दिनभर मस्ती की। म्यूजिक शिक्षक देव सौंधारी ने जसमीत गीत की शानदार प्रस्तुति दी, जिस पर सभी बच्चे थिरक उठे। खुशियों से सराबोर माहौल में बच्चों ने खूब नृत्य किया। पिकनिक कार्यक्रम की फोटोग्राफी विमल साहू ने की। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष कमल अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार शर्मा, मैनेजर जवाहर लाल यादव, ट्रांसपोर्ट प्रभारी प्रतापचंद साहू सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# महंगी बिजली दर के विरोध में आम आदमी पार्टी ने किया प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन

**पानी हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारी, उत्पादन हमारा तो बिजली महंगी क्यों**

**जांजगीर।** आम आदमी पार्टी द्वारा बिजली दर की वृद्धि के विरोध में जिला जांजगीर के कचहरी चौक पर धरना प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार आम जनता की परेशानी को नज़र अंदाज कर रही है छत्तीसगढ़ की जनता अनाप शनाप बिजली के बिलों से त्रस्त हो चुकी है साथ ही नए स्मार्ट मीटर के जरिए सरकार प्राइवेट बिजली कंपनियों से साठगांठ कर मनमाना रुपए उपभोक्ताओं से वसूली कर रही है, आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा जनता को हो रही इन परेशानियों पर आज विशाल धरना प्रदर्शन कर एसडीएम जांजगीर के माध्यम से मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन सौंपा गया है। जिला अध्यक्ष डॉ हेमंत कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक बिजली सरप्लस राज्य है, आम जनता को सस्ती बिजली मिलने के बजाय बिजली महँगी करना समझ से परे है। कहा जा रहा है कि वितरण कंपनी को घाटा हो रहा था इस कारण बिजली दर बढ़ाई गयी है।



प्रदेश महिला विंग अध्यक्षा श्रीमती मिथिलेश बघेल ने बताया कि सरकार जानबूझकर गलत डाटा पेश कर रही है सरकार भ्रष्टाचार कर रही है निजी उद्योगपतियों से बिजली खरीदने का और उनको फायदा पहुँचाने की नीति है।सरकार वितरण कंपनी की लागत कम करें। पानी हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारा, उत्पादन हमारा तो रेट ज्यादा क्यों?सरकार लाइन लॉस 15-20त्न बताती है जबकि 3त्न से ज्यादा लाइन लॉस नहीं होता है। वहीं बड़े-बड़े व्यापारियों का, नेताओं का करोड़ों बिजली बिल बकाया है। उनसे वसूली ना कर सरकार गरीब लोगों को परेशान कर रही है। बिल में हर माह ऊर्जा प्रभार के साथ अनेक गैरजरुरी चार्ज लिए जातें हैं।विद्युत कंपनी छत्तीसगढ़ की जनता की जेब काटने का काम कर रही है।

जिला सचिव विनय गुप्ता ने कहा कि आज 4 नवम्बर 2025 को प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन के जरिये इस बिजली दर वृद्धि का विरोध करती है। पार्टी द्वारा पूर्व में भी 3 जुलाई 2025 को बढ़ी हुई बिजली दरों पर सरकार को ज्ञापन दिया था और धरना प्रदर्शन किया था किन्तु सरकार ने अब तक मांग नहीं मानी इसलिए आम आदमी पार्टी सरकार से पुनः मांग है कि आम जनता के हितों को देखते हुए यह बढ़ी हुई बिजली दर कम करे। यदि सरकार बढ़ी हुई बिजली दर को वापिस नहीं लेती है तो आने वाले समय में आम आदमी पार्टी आम जनता के हितों के लिए इससे भी बड़ा आंदोलन पूरे प्रदेश में करेगी।।

आम आदमी पार्टी जांजगीर जिले के कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामों और शहरी क्षेत्रों भारी संख्या में आए लोगों द्वारा बिजली दर वृद्धि के खिलाफ धरना प्रदर्शन में शामिल होकर घेराव प्रदर्शन में हिस्सा लिया गया जिसमें लोकसभा अध्यक्ष परमेश्वर प्रसाद सांडे, ललित बघेल परदेशी कश्यप, बीना पटेल, फिरतराम मनहर , ऋषि यादव, अविनाश सिंह, प्रेम नारायण पांडे, राजीव केडिया,प्रिंस दिवाकर, मेलाराम, गणेश बिंद, साहेब लाल यादव, डॉ रामराज कुर्रे, रामकृष्ण कश्यप, सतीश राठौर, रहमैया रत्नाकर गणपत महिलांगे, संतोष कुर्रे, राजा कुर्रे, साथी उपस्थित रहे।

## नौकरी लगाने के नाम पर 21 लाख की ठगी, पति पत्नी जेल दाखिल

**बाराद्वार ।** बैंक में नौकरी लगाने के नाम पर तकरीबन -21 लाख की ठगी करने वाले दंपत्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बाराद्वार थाना का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जयकिशन अग्रवाल पिता मनोज कुमार अग्रवाल निवासी ग्राम बाराद्वार तह नया बाराद्वार ने बाराद्वार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके ससुराल नागपुर में जान पहचान होने से आरोपी जनरैल सिंह लोहिया उम्र 33 वर्ष पिंता लाहौर सिंह लोहिया एवं उसकी पत्नी वैशाली लोहिया पति जनरैल सिंह लोहिया उम्र 31 वर्ष, निवासी दक्ष पेट्रोल पम्प के पीछे ई डब्ल्यू एस क्वाटर नंबर ई 146 वैशाली नगर मेहंदीबाग कार्नर डॉ अम्बेडकर मार्ग नागपुर के द्वारा विश्वास में लेकर बैंक में नौकरी लगाने के नाम पर नगदी एवं बैंके मे माध्यम से 21 लाख रुपए लेकर धोखा देने की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर, एएसपी हरीश यादव से आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर विशेष टीम रवाना किया। इस दौरान जनरैल सिंह पिता लाहौर सिंह उम्र 34 साल एवं श्रीमति वैशालील जनरैल सिंह लोहीया पति जनरैल सिंह उम्र 36 साल निवासी क्वा. नंबर ई 146, नियर इंडियन पेट्रोल पंप वैशाली नगर नागपुर थाना पांचपौली जिला नागपुर को नागपुर से गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नरेन्द्र यादव, सउनि यशवंत राठौर, महिला प्रधान आरक्षक श्यामा जायसवाल, प्रधान आरक्षक मनीष राजपूत, श्रीकांत सेगर व थाना बाराद्वार स्टॉफ का योगदान रहा।

रेलवे बैंक एवं अन्य सरकारी संस्थानों में नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आ रहा है। वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा लोगों को जागरूक कर किसी तरह की ठगी का शिकार ना हो। इसके लिए जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता है। इसके बावजूद कई लोग नौकरी पाने की आस में लाखों रुपए गंवा बैठते है। इस तरह का मामला कई बार सामने आ चुका है। इसके बाद भी लोग ठगी के शिकार हो जाते है।

## नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर (तहसील अकलतरा एवं बलौदा) ने विकासखंड अकलतरा के ग्राम कोटमीसोनार एवं नगर पंचायत नरियरा के वार्ड क्रमांक 01 व 13 के नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन के लिए 25 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जाँजगीर (तहसील अकलतरा एवं बलौदा) ने बताया कि विकासखंड अकलतरा के ग्राम कोटमीसोनार एवं नगर पंचायत नरियरा के समस्त स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, सेवा सहकारी समिति आदि से शासकीय उचित मूल्य दुकान प्राप्त करने हेतु इच्छुक संस्था, समूह से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ-साथ संलग्न के रूप में समूह का पंजीयन प्रमाण पत्र, वर्तमान माह से विगत एक वर्ष खाता स्टेटमेंट की छायाप्रति के साथ 25 नवम्बर 2025 को शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र के साथ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी रा अकलतरा में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## डीपीएस के विद्यार्थियों ने किया कान्हा-किसली टाइगर रिजर्व का शैक्षणिक भ्रम

**चांपा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल चांपा के द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने हेतु कान्हा-किसली नेशनल पार्क एवं टाइगर रिजर्व मध्य प्रदेश, बालाघाट का तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। भ्रमण में कक्षा 5वीं से 12वीं तक के 64 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के साथ विद्यालय प्रबंधन समिति की सदस्य स्नेह देवांगन, विद्यालय की प्राचार्या कल्पना सिंह, शिक्षक लोकेश गाबा, प्रीति रंजन, दिगम्बर साहू एवं शिवशंकर बरेठ मार्गदर्शक के रूप में शामिल रहें। विद्यार्थियों ने मुक्की गेट स्थित लॉ फोने रिजॉर्ट में ठहरकर जंगल सफारी की तैयारियां कीं। अगली सुबह सूर्योदय से पूर्व, 12 जिप्सियों के काफिले के साथ बच्चों ने कान्हा नेशनल पार्क के अद्भुत जंगल में प्रवेश किया। वहां उन्होंने हिरण, सांभर, बाइसन, बंदर, बारहसिंगा, चीतल, लंगूर, मोर, सियार, जंगली सूअर, जैसे विविध वन्यजीवों के साथ-साथ रॉयल बंगाल टाइगर को उनके प्राकृतिक आवास में देखा। वन्य प्रजातियों, जंगल की हरियाली, सूरज की सुनहरी किरणें, सुबह की ठंडी हवा, पक्षियों के कलरव और कान्हा की वादियों की अद्भुत सुंदरता ने विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिनभर के रोमांचक सफर के बाद संध्या समय बोनफायर, अंत्याक्षरी, नृत्य और संगीत के रंगों से वातावरण गूंज उठा। यात्रा की अंतिम पड़ाव में विद्यार्थियों ने कवर्धा स्थित प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर का दर्शन किया, जिसे छत्तीसगढ़ का खजुराहो कहा जाता है। वहां उन्होंने प्राचीन मूर्तिकला, स्थापत्य कला एवं पुरातत्व संग्रहालय का अवलोकन कर, ऐतिहासिक जानकारी में वृद्धि की। विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष राजकिशोर देवांगन कि ऐसे भ्रमण बच्चों को पाठ्य से परे सीखने की वास्तविक जोड़ते हैं।

कान्हा की हरिया बच्चों को पर्यावरण संरक्षण सजीव संदेश दिया। तीन दिवसीय शैक्षणिक यात्रा विद्यार्थियों के ज्ञान, आनंद और अनुभव क अनोखा संगम रही, जिसने न उनके ज्ञान को समृद्ध किया गया।

## लौह पुरुष की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले में 7 को होगा यूनिटी मार्च

**जांजगीर-चांपा।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में युवाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक जिम्मेदारी और देशभक्ति की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा 6 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ किए गए 150 यूनिटी मार्च कार्यक्रम के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में सांसद जांजगीर-चांपा श्रीमती कमलेश जांगड़े की उपस्थिति में 07 नवम्बर 2025, शुक्रवार प्रातः 8 बजे से यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। यह पदयात्रा नगर पंचायत राहौद से प्रारंभ होकर नगर पंचायत खरौद होते हुए नगर पंचायत शिवरीनारायण तक निकाली जाएगी।

## हड़ताल से समितियों में धान खरीदी की तैयारी ठप, भटक रहे किसान

**जांजगीर-चांपा ।** चार सूत्रीय मांगों को लेकर जांजगीर-चांपा जिले के 129 सहकारी समितियों के कर्मचारीं और कम्प्यूटर ऑपरेटर सोमवार 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। धान खरीदी शुरू होने से ठीक पहले अनिश्चितकालीन हड़ताल से धान खरीदी पर संकट के बादल छा गए हैं। समितियों में धान खरीदी की तैयारी पूरी तरह से ठप पड़ गई है। एग्रीस्टेक पंजीयन के बाद बहुत से किसानों का डाटा मिलान नहीं हो पाया है। इसके लिए किसान समितियों तक पहुंच रहे हैं तो उन्हें बैरंग लौटना पड़ रहा है। इससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। इधर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर सहकारी समिति के कर्मचारी और कम्प्यूटर ऑपरेटर संभाग स्तरीय आंदोलन में डटे हुए हैं। गौरतलब है कि अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के पांच संभागों के 15 हजार कर्मचारी और ढाई हजार कम्प्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर चले गए हैं। इधर धान खरीदी शुरू होने में अब महज 10 दिन का समय शेष बच गया है। 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो जाएगी लेकिन अभी तक उपार्जन केंद्रों में किसी तरह की कोई तैयारी शुरू नहीं हुई है। न तो उपार्जन केंद्रों की साफ-सफाई हुई है और न ही बिजली, पानी और अन्य संसाधन । बारदाना भी नहीं पहुंचा है और समितियों में ताला लटका हुआ नजर आ रहा है।

जिले में सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से संचालित पीडीएस दुकानों में भी आंदोलन का असर दिखने लगा है। पीडीएस दुकानों का ताला नहीं खुल रहा है और वितरण का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। हालांकि महिला समूहों के द्वारा संचालित पीडीएस दुकानों में हड़ताल का कोई असर नहीं पड़ेगा।

सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों और कम्प्यूटर ऑपरेटरों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से कामकाज प्रभावित हो रहा है। फिर भी हमारे ओर से धान खरीदी की तैयारी चल ही रही है। उपार्जन केंद्रों के लिए किया जा रहा है। आवश्यक संसाधनों का इंतजाम अमित साहू, नोडल आफिसर जिला सहकारी बैंक।

## पंतोरा पुलिस ने सड़क हादसों को रोकने चलाया अभियान

**पंतोरा।** पंतोरा के साप्ताहिक बाजार में मंगलवार की शाम पुलिस अधिकारियों ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात सुरक्षा सुनिश्चित करने लोगों को जागरूक किया। पुलिस ने अपील की कि वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। टू-व्हीलर में तीन सवारी न बैठाएं, शराब पीकर वाहन न चलाएं और मोबाइल का उपयोग वाहन चलाते समय न करें। इसके अलावा पुलिस ने मालवाहक वाहनों में सवारी न बैठाने और तेज गति से वाहन न चलाने की भी हिदायत दी है। अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाई जा सकती है।



# राज्योत्सव का भव्य शुभारंभ, सांसद ने किया तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन

**जांजगीर-चांपा ।** छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 वर्ष के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल मैदान में आयोजित 2 से 4 नवम्बर 2025 तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का मुख्य अतिथि जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने शुभारंभ किया। अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल पर लगाये गये विभिन्न विभागों द्वारा 25 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी व स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर आज हाईस्कूल मैदान जांजगीर में विभिन्न विभागों द्वारा छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों में आधारित विकास कार्यों की प्रदर्शनी और शालेय छात्र-छात्राओं व स्थानीय कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।



इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री गगन जयपुरिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री मोहन यादव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राजेंद्र राठौर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रमिला साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रियंका सिंह, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, श्रीमती नंदिनी राजवाड़े, गुलाब सिंह चंदेल, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, अमर सुल्तानिया, इंजी. रवि पांडेय, देवेश सिंह, विवेका गोपाल, पार्षदगण, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, वन मंडलाधिकारी हिमांशु डोंगरे, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर सहित जिला पंचायत सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकजन उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सब यहाँ छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के इस ऐतिहासिक अवसर पर एकत्र हुए हैं वह दिन, जो हर छत्तीसगढ़वासी के हृदय में गर्व और आत्मसम्मान की भावना जगाता है, आज हम उस क्षण को स्मरण कर रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया। उन्होंने केवल एक नया राज्य नहीं बनाया बल्कि छत्तीसगढ़ नई पहचान और नई दिशा दी। छत्तीसगढ़ यह वही पवित्र भूमि है, जहाँ माता कौशल्या ने जन्म लिया, जहाँ गुरु घासीदास बाबा ने सत्य और अहिंसा का संदेश दिया। यह हमारी आस्था, संस्कृति और परंपरा की भूमि है और आज यह विकास, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की पहचान बन चुकी है।

उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ को विकास की राह में आगे ले जा रहे हैं विकसित भारत के सपने को साकार कर रहें है। कभी हमारे बच्चे उच्च शिक्षा के लिए प्रदेश से बाहर जाया करते थे, परंतु आज रायपुर और प्रदेश के हर कोने में उच्च शिक्षण संस्थान खुल गए हैं। आज जब छत्तीसगढ़ अपनी रजत जयंती (25 वर्ष) मना रहा है। तभी हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने राजधानी रायपुर से करोड़ों के विकास कार्यों का शुभारंभ और भूमिपूजन किया है। यह केवल परियोजनाएँ नही बल्कि छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य के मील के पत्थर हैं। हमारी मातृशक्ति को सशक्त करने के लिए महतारी वंदन योजना जैसी पहल की है, जिससे हर माँ, हर बहन को सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का अवसर मिल रहा है। वर्तमान में प्रदेश में विकास की गति तेज हुई है,और जनता के जीवन में सुख-समृद्धि आई है। आज हमारा छत्तीसगढ़ विकसित भारत की दिशा में अग्रसर है। हमारी संस्कृति, हमारी पहचान और हमारे प्रयास मिलकर इस राज्य को शक्ति, समृद्धि और स्वाभिमान का प्रतीक बना रहे हैं।

विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप ने कहा कि आज का दिन गर्व और आत्मसम्मान का दिन है, क्योंकि यह छत्तीसगढ़ की उस ऐतिहासिक यात्रा का प्रतीक है जिसकी नींव हमारे पुरखों के सपनों, संघर्ष और संकल्प से रखी गई थी। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य के गठन कर जनभावनाओं को दिशा दी और इतिहास रचा। विधायक ने कहा कि हमारी माटी, संस्कृति, त्योहार और परंपराएँ मिलकर छत्तीसगढ़ की जीवंत पहचान हैं। राज्योत्सव हमारे गौरव और सांस्कृतिक समृद्धि के प्रतीक हैं, जिसमें जिले के लोक कलाकार और छत्तीसगढ़िया भाई-बहन अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि जांजगीर-चांपा जिला छत्तीसगढ़ की हरियाली, मेहनत और समृद्धि का केंद्र है। आने वाले समय में इसे दोहरी फसल वाला जिला बनाने के लिए फसल चक्र परिवर्तन, कृषि तकनीकी विकास और सिंचाई विस्तार पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि छत्तीसगढ़ का विकास तभी पूर्ण होगा जब जांजगीर-चांपा का हर गाँव, किसान और नौजवान आगे बढ़ेगा। उन्होंने सभी जिले वासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल ने कहा कि आज हम सब गर्व और आत्मसम्मान से भरे इस ऐतिहासिक अवसर पर एकत्र हुए हैं। आज जब हम 25 वर्षों की यात्रा को पीछे मुड़कर देखते हैं, तो गर्व होता है कि छत्तीसगढ़ केवल एक राज्य नहीं, बल्कि जनता के सपनों की साकार अभिव्यक्ति है।

**समक्ष : श्रीमान नोटरी महोदय, कोरबा (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं आशीष पोद्दार, पिता-डॉ. के.के. पोद्दार, उम्र-36 वर्ष, निवास- एच.आई.जी.127, एम.पी. नगर निहारिका कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) का होकर शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूं कि मेरे पुत्र VIHAAN PODDAR का प्रवेश दिल्ली पब्लिक स्कूल, बालको में कक्षा 3री में करवाया था प्रवेश के समय छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र क्र. 2019-02-006390 दिनांक 25.11.2019 जमा करा था जिसमें मेरे बच्चे का नाम VIHAN PODDAR दर्ज था। उपरोक्त जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर अभी तक दिल्ली पब्लिक स्कूल, बालको के सभी दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम दर्ज किया गया है। मैंने अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में आवश्यक संशोधन करवा लिया है और संशोधित जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार मेरे पुत्र का नाम VIHAAN PODDAR है जिसे मैं दिल्ली पब्लिक स्कूल, बालको के रिकॉर्ड में भी दर्ज करवाना चाहता हूं। (पूर्व नाम) VIHAN PODDAR एवं (नया नाम) VIHAAN PODDAR एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पुत्र का ही नाम है। शपथपत्र मेरे पुत्र के नए जन्म प्रमाण पत्र अनुसार नया नाम दर्ज करने के संबंध में दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको में प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**आशीषा पोद्दार**

**न्यायालय तहसीलदार सोनहत जिला-कोरिया (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरणक्रमांक -/ब-121/2022-23
ग्राम - कटगोड़ी

**// ईश्तहार//**

आवेदक / आवेदिका - शिव बचन आ. - भादवा जाति उरांव निवासी कटगोड़ी के द्वारा ग्राम कटगोड़ी में अपने पिता भादवा जिसका जन्म/मृत्यु दिनांक 11/09/1998 हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन शासकीय/ अर्ध शासकीय ग्राम पंचायत में नहीं कराए जाने के कारण आवेदन पत्र गए पंचनामा अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं वैध दस्तावेज के साथ इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त जन्म मृत्यु के पंजीयन प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति पक्ष कर को कोई दावा आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 9/ 10 /2025 तक स्वयं अथवा अपने मान्य किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि में आपत्ति आवेदन प्रस्तुत न करने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अतः आज दिनांक 26.9.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील
**तहसीलदार**
**सोनहत,जिला-कोरिया,छत्तीसगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार सोनहत जिला-कोरिया (छ.ग.)**

राप्रक.-/ब-121/2022-23
ग्राम - बदरा

**// ईश्तहार//**

आवेदक / आवेदिका शिव प्रसाद साहू आ. तिलकराम जाति निवासी ग्राम बदरा के द्वारा ग्राम बदरा में अपने पुत्री रानू साहू जिसका मृत्यु/जन्म दिनांक 16/04/2004 में हुआ है। जिसका जन्म पंजीयन शासकीय/ अर्ध शासकीय ग्राम पंचायत में नहीं कराए जाने के कारण आवेदन पत्र मय पंचनामा अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं वैध दस्तावेज के साथ इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त जन्म मृत्यु के पंजीयन प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति पक्ष कर को कोई दावा आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 10/11/25 तक स्वयं अथवा अपने मान्य किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि में आपत्ति आवेदन प्रस्तुत न करने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अतः आज दिनांक 28.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील
**ना. तहसीलदार**
**सोनहत, जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**//आम ईश्तहार//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं धनंजय राठौर पिता बाबूलाल राठौर निवासी वार्ड नंबर 09 सक्ती, तहसील-सक्ती, जिला-सक्ती छ.ग. का निवासी हूं तथा आम ईश्तहार के माध्यम से यह सूचित करना चाहता हूं कि हमारी फर्म गंगा कंस्ट्रक्शन कंपनी सक्ती, तहसील व जिला सक्ती छ.ग. संचालित है जिसमें दो भागीदार धनंजय राठौर तथा कमलेश राठौर थे। किंतु उक्त फर्म में भागीदार कमलेश राठौर की मृत्यु दिनांक 30.08.2025 को हो चुकी है। अब वर्तमान में उक्त फर्म में भागीदार स्व. कमलेश राठौर का नाम विलोपित कर श्रीमती मीनाक्षी राठौर का नाम उक्त फर्म में दर्ज कराने हेतु यह आम सूचना/ईश्तहार निष्पादित किया जा रहा है।

अतः जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो वह 07 दिवस के भीतर अपना दावा आपत्ति कर सकते हैं।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, कोरबा**

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक -22**

**(प्रथम बार)**

क्रमांक/4158/टेण्डर/ग्रायांसेवा/2025 — कोरबा,दिनांक 03.11.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में ''द'' वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रायपुर द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021 को मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑफलाईन (oFFline) प्रतिशत दर पर निविदा दिनांक 18.11.2025 समय 17.30 बजे तक ऑफलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सं. क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | मड़वारानी मंदिर परिसर में मंच निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत पुरेना, वि.ख. करतला | 19.06 | 14295.00 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 03.11.2025 समय 15.30 बजे से डाउनलोड की जा सकती है।

**(ए.के.जोगी)**
**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

जी-252604538/3

## अनमोल वचन......

एक सामान्य जिंदगी जीने के लिए इंसान को रोटी कपड़ा मकान के अलावा अगर इंसान को किसी चीज की सबसे ज्यादा जरूरत होती है तो वो है सिर्फ शिक्षा।

# निर्वाचन आयोग के हठ

एसआईआर की जरूरत एवं उसके औचित्य पर कोई सवाल नहीं है। मुद्दा वो माहौल है, जिसमें इसे आगे कराया जा रहा है। निर्वाचन आयोग के हठ के कारण सवाल और संदेहों से भरा ये माहौल आगे भी जारी रहने वाला है। निर्वाचन आयोग ने 12 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू कर दी है, लेकिन इसके पहले विपक्ष की आपत्ति और शिकायतों पर गौर करने की जरूरत उसने नहीं समझी। बेशक, बिहार की तुलना में अब अपनाई जा रही प्रक्रिया में कुछ सुधार किए गए हैं। बिहार के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जो निर्देश दिए, 12 राज्यों की एसआईआर प्रक्रिया में उन्हें शामिल कर लिया गया है। लेकिन उल्लेखनीय है कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का अंतिम फैसला नहीं आया है। उधर कर्नाटक में संगठित रूप से मतदाताओं के नाम हटाने के मामले की चल रही एसआईटी जांच से संबंधित प्रक्रिया भी अपने अंजाम तक नहीं पहुंची है। इन सबसे अप्रभावित रहते हुए एसआईआर को आगे बढ़ाने का निर्णय विपक्षी दलों में नए संदेह को जन्म दे चुका है। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, सीपीएम आदि की प्रतिक्रियाएं इसकी मिसाल हैं। समस्या निर्वाचन आयोग का जाहिर होने वाला नजरिया है, जिससे नहीं लगता कि वह विपक्ष को चुनाव प्रक्रिया में समान हितधारक मानता हो! विपक्ष के एतराज को जैसे वह ठेंगे पर रखता है। विपक्ष की शिकायतों पर निष्पक्ष रेफरी की भूमिका अपनाने के बजाय अतीत में वह एक पक्ष बनता नजर आया है। उसके इस रुख का गहरा साया भारतीय चुनावों पर पहले ही पड़ चुका है।

इसकी मिसाल बिहार है, जहां विधानसभा चुनाव में भाग लेने के बावजूद विपक्षी नेता नई मतदाता सूची को लेकर संदेह जताते और चुनाव प्रक्रिया के स्वच्छ रहने को लेकर आशंका जताते सुने गए हैं। निर्वाचन आयोग चाहता तो इससे सबक लेते हुए ताजा घोषणा से पहले 12 राज्यों में हित रखने वाले तमाम दलों के साथ संवाद कायम कर सकता था। उससे भरोसे का माहौल बनता, जिससे ये प्रक्रिया बिना विवादास्पद हुए आगे बढ़ती। गौरतलब है कि एसआईआर की जरूरत एवं उसके औचित्य पर कोई सवाल नहीं है। मुद्दा उसे कराने का तरीका और वो माहौल है, जिसमें इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि निर्वाचन आयोग के हठ के कारण सवाल और संदेहों से भरा ये माहौल आगे भी जारी रहने वाला है।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे, आपको काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता ने व्यापार में जो जिम्मेदारियां दी हुई हैं उसे आप आसानी से निभा लेंगे। इस राशि के जो लोग फर्नीचर का व्यापार कर रहे है, उन्हें उम्मीद से ज्यादा फायदा होगा।

**मिथुन राशि :** कार्यक्षेत्र में आज आपको काफी हद तक सफलता हासिल होगी। पारिवारिक मामलों में आज आपको शांत मन से सोचने की जरूरत है, परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे। आज भाई अपने काम में आपकी मदद मांगेंगे। समाज में आज आप अपने बढ़िया कार्यों के कारण पहचाने जाएंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहें छात्रों को सीनियर्स का सहयोग मिलेगा।

**कर्क राशि :** आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे, जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। कुछ विरोधी आपके काम में समस्याएं डालने की कोशिश कर सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति आपको अपना स्वभाव सुधारना होगा।

**सिंह राशि :** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है, इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको पैसों की जरूरत पड़ सकती है। आज आपको बेवजह की उलझने लेने से बचने की जरूरत है।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यापार की गति थोड़ी धीमी होने से उलझन होगी, लेकिन बाद में अच्छा लाभ मिलने से उनकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आप आज किसी से अपने मन की बातों को शेयर करेंगे और वह आपकी बातों को अहमियत देगा।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। पैसों का उपयोग सही तरीके से करेंगे। जीवन में संतुलन बनाए रखने की कोशिश करेंगे। आज किसी कामों को सही तरीके से पूरा करने की कोशिश करें। आपको अपने पद और आय को एक समान या बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। लोगों की नजरों में आपकी पॉजिटिव इमेज बनेगी। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपको समझ नहीं आएगा कि किसे पहले करें और किसे बाद में। कंप्यूटर के स्टूडेंट्स को कुछ अच्छा सीखने का मौका मिलेगा। आज आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच करेंगे। जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए नये मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं, जहां आप तोल मोलकर बोले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी योजनाएं बनाएंगे, जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। पारिवारिक समस्याओं को सॉल्व करने में बड़े-बुजुर्गों का सहयोग प्राप्त होगा। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को आज बड़ा मुनाफा होगा।

**कुंभ राशिः** आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते है वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगे। लवमेट आज साथ में समय बिताएंगे। रुका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा। आज आपके कार्यों की प्रशंसा दूर-दूर तक लोगों में इत्र की तरह महकेगी।

**मीन राशि :** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिए आपको ओवर टाइम करना पड़ेगा। रुपए- पैसों के मामले में लापरवाही नहीं करेंगे तो नुकसान से बच जाएंगे। टूर-एंड-ट्रेवल्स संबंधी कार्यों में अच्छा लाभ होगा। आज आपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा।

# मैराथन मैन अनिल अंबानी कैसे कारोबारी दौड़ में पिछड़ कर कानूनी ट्रैक में फंस गये?

//नीरज कुमार दुबे । //

**ईडी की जांच के मुताबिक, अनिल अंबानी समूह की कई कंपनियों— रिलायंस कम्युनिकेशंस (आर-कॉम), रिलायंस होम फाइनेंस, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और रिलायंस पावर ने पिछले एक दशक में सरकारी और बैंकिंग संस्थानों से हज़ारों करोड़ रुपये जुटाए। कभी भारत की कॉर्पोरेट दुनिया में सफलता का प्रतीक कहे जाने वाले अनिल अंबानी आज उस दौर में खड़े हैं जहाँ उनका नाम किसी बिज़नेस मॉडल से नहीं, बल्कि जांच एजेंसियों की रिपोर्ट से जुड़ा दिखाई देता है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से अनिल अंबानी की 7,500 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों की कुर्की की गयी है जिसमें मुंबई के पाली हिल स्थित उनका घर और रिलायंस समूह की कई प्रतिष्ठित परिसंपत्तियाँ शामिल हैं।**

यह सिर्फ एक कारोबारी पर कार्रवाई नहीं है बल्कि भारत की आर्थिक जवाबदेही की दिशा में एक निर्णायक संदेश है। देखा जाये तो यह मामला सिर्फ एक उद्योगपति के पतन की कहानी नहीं, बल्कि उस तंत्र की परीक्षा है जो यह दिखा रहा है कि धन और प्रभाव अब कानून से ऊपर नहीं हैं।

ईडी की जांच के मुताबिक, अनिल अंबानी समूह की कई कंपनियों– रिलायंस कम्युनिकेशंस (आर-कॉम), रिलायंस होम फाइनेंस, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और रिलायंस पावर ने पिछले एक दशक में सरकारी और बैंकिंग संस्थानों से हज़ारों करोड़ रुपये जुटाए। आरोप है कि इनमें से बड़ी रकम समूह की अन्य कंपनियों या संबद्ध इकाइयों में स्थानांतरित की गई और कुछ धनराशि विदेशों में फर्जी कंपनियों के ज़रिए भेजी गई।

ईडी ने यह भी दावा किया है कि एक कंपनी से लिए गए ऋण का उपयोग दूसरी कंपनी के ऋण चुकाने या म्यूचुअल फंड में निवेश करने में किया गया, जो सीधे तौर पर ऋण की शर्तों का उल्लंघन था। यह तथाकथित एवरग्रीनिंग मॉडल, जहाँ पुराने ऋण को नए ऋण से ढका जाता है, भारत की कॉर्पोरेट गवर्नेंस की सबसे पुरानी बीमारी रही है।

हम आपको याद दिला दें कि अनिल अंबानी का उदय भारतीय उदारीकरण के स्वर्णकाल का प्रतीक था। उनके प्रोजेक्ट्स– टेलीकॉम से लेकर बिजली और इंफ्रास्ट्रक्चर तक, 90 के दशक की नई आर्थिक नीतियों के पोस्टर चाइल्ड थे। परंतु वही पूंजीवाद, जो प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने के लिए था, धीरे-धीरे कॉर्पोरेट कार्टेल में बदल गया।

रिलायंस कम्युनिकेशंस की गिरावट से शुरू हुआ वित्तीय संकट अब कानूनी संकट में तब्दील हो चुका है। पहले यह मामला बाज़ार की असफलता कहा जाता था, अब इसे वित्तीय अनियमितता और मनी लॉन्ड्रिंग के रूप में देखा जा रहा है। जब किसी समय बैंकों ने 31,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि इस समूह को ऋण स्वरूप दी थी, तब किसी ने यह नहीं सोचा था कि 19,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि एनपीए बन जाएगी और उसके बाद जांच एजेंसियों को धनशोधन का पैटर्न मिलेगा।देखा जाये तो ईडी की ताज़ा कार्रवाई को महज़ एक उद्योगपति के खिलाफ कानूनी कदम के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह भारत की आर्थिक पारदर्शिता के उस नए युग की घोषणा है जिसमें ब्रांड वैल्यू से ज़्यादा सत्यापन मूल्य मायने रखता है। हाल के वर्षों में, प्रवर्तन एजेंसियों पर राजनीतिक पक्षधरता के आरोप लगते रहे हैं। परंतु जब ईडी जैसे संस्थान एक ऐसे उद्योगपति पर कार्रवाई करते हैं, जो कभी भारत की कॉर्पोरेट प्रतिष्ठा का चेहरा था, तो यह संकेत देता है कि आर्थिक अपराध की रेखा अब राजनीतिक समीकरणों से परे खींची जा रही है। अनिल अंबानी का मामला यह दिखाता है कि चाहे व्यक्ति कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, अगर उसने बैंकिंग व्यवस्था का दुरुपयोग किया, तो जवाबदेही तय होगी। देखा जाये तो यह कार्रवाई उस दौर में हुई है जब भारत की आर्थिक व्यवस्था में जनता का भरोसा दोतरफा दबाव में है। एक ओर कॉर्पोरेट घोटालों की गूंज, दूसरी ओर सरकारी एजेंसियों की विश्वसनीयता पर प्रश्न। ऐसे में जब ईडी सैंकड़ों पन्नों की जांच रिपोर्ट के आधार पर ठोस संपत्ति कुर्क करती है, तो यह केवल कानूनी प्रक्रिया नहीं बल्कि जनता के विश्वास की पुनर्स्थापना है। हालांकि यह भी सच है कि कई मामलों में ईडी की जांच वर्षों तक अदालतों में उलझ जाती है और ठोस दंडात्मक परिणाम सामने नहीं आते। इसलिए यह आवश्यक है कि यह प्रक्रिया पारदर्शी, तेज़ और न्यायोचित रहे क्योंकि यदि न्याय देर से मिलेगा, तो संदेश खो जाएगा।

अनिल अंबानी केस से निकले व्यापक सबक को देखें तो भारत के निजी क्षेत्र में ऋण प्राप्ति की प्रक्रिया और उससे जुड़ी जवाबदेही पर यह मामला बड़ा सवाल उठाता है। बैंकिंग सेक्टर में केवल क्रेडिट स्कोर नहीं, बल्कि कंट्रोल स्कोर की भी निगरानी आवश्यक है, यानी, पैसा कहाँ और कैसे जा रहा है, इसका ट्रैक पारदर्शी होना चाहिए। देखा जाये तो लंबे समय तक भारत में उद्योग और सत्ता के रिश्ते इतने गहरे रहे कि जवाबदेही धुंधली पड़ गई है। हालांकि यह मामला यह संदेश देता है कि सत्ता से समीपता अब सुरक्षा कवच नहीं है।देखा जाये तो अनिल अंबानी की कहानी एक व्यक्ति की असफलता भर नहीं है, बल्कि उस प्रणाली का आईना है जिसने दशकों तक कर्ज के सहारे साम्राज्य खड़ा करने की अनुमति दी। अब जब वही व्यवस्था कठोर जांच के घेरे में है, तो यह न केवल एक उद्योगपति का पतन है, बल्कि पूरे कॉर्पोरेट संस्कृति के आत्ममंथन का क्षण भी है।

यह कार्रवाई आने वाले समय के लिए संकेत देती है कि भारत का आर्थिक नियमन अब कर्ज वितरण की जगह कर्ज अनुशासन पर आधारित होगा। और जो भी व्यक्ति या संस्था सार्वजनिक धन का दुरुपयोग करेगी, वह कानून की पकड़ से नहीं बच पाएगी, भले ही उसका नाम अंबानी ही क्यों न हो। अनिल अंबानी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई एक ऐतिहासिक मोड़ है क्योंकि यह केवल एक नाम पर नहीं, बल्कि उस सोच पर प्रहार है जो मानती थी कि प्रभावशाली लोग जवाबदेही से मुक्त हैं। भारत के आर्थिक इतिहास में यह दिन इसलिए याद किया जाएगा क्योंकि इसने स्पष्ट कर दिया है कि धन का आकार चाहे जितना भी बड़ा हो, कानून की रेखा उसके ऊपर नहीं खींची जा सकती। यह संदेश केवल उद्योगपतियों के लिए नहीं, बल्कि पूरे शासनतंत्र के लिए है कि कानून की दिशा वही है जहाँ जवाबदेही जीवित है।

बहरहाल, कभी मैराथन मैन कहे जाने वाले अनिल अंबानी, जो 40 की उम्र के बाद अपने अनुशासन और फिटनेस से प्रेरणा का प्रतीक बने थे, आज आर्थिक और कानूनी लड़ाई की दौड़ में पिछड़ते नज़र आ रहे हैं। वह केवल कारोबारी जगत की शख्सियत नहीं थे, बल्कि सत्ता के गलियारों में भी उनका प्रभाव माना जाता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खुले समर्थक माने जाने वाले अनिल अंबानी ने 2014 के बाद के दौर में खुद को ÷नए भारत के औद्योगिक चेहरे÷ के रूप में प्रस्तुत किया था। मगर आज तस्वीर उलट चुकी है– सत्ता से नज़दीकी भी उन्हें न तो वित्तीय पतन से बचा पाई, न ही ईडी की सख्ती से। यह समय हमें याद दिलाता है कि लोकतंत्र में शक्ति का स्थायित्व सत्ता से नहीं, बल्कि सत्य और पारदर्शिता से आता है। दौड़ चाहे फिटनेस की हो या वित्त की, अगर नियम टूटते हैं, तो मंज़िल तक पहुँचने वाला भी रास्ता खो देता है।

# भारतीय महिला क्रिकेटः नई उड़ान, नई संभावना को सलाम

//ललित गर्ग //

**महिला विश्व कप 2025 ने यह सिद्ध कर दिया कि अब भारत में खेल सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं, यह राष्ट्रीय चेतना और गौरव का हिस्सा बन चुका है। यह नारी स्वाभिमान, श्रम और संघर्ष की कहानी है। क्रिकेट अब केवल पुरुषों की लोकप्रियता का प्रतीक नहीं रहा, बल्कि महिलाओं की असाधारण योग्यता का उत्सव बन गया है। 2 नवंबर 2025 का रविवार भारतीय खेल जगत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो गया। यह वह दिन था जब नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकेडमी मैदान न केवल एक विश्व कप का साक्षी बना, बल्कि भारतीय महिला शक्ति की अजेय प्रतिभा और जज्बे का भी प्रमाण देखा। शेफाली वर्मा ने 87 रन की पारी खेल कर विश्वकप को भारत के नाम कराने में अमूल्य योगदान दिया। शेफाली की यह पारी आत्मविश्वास से भरी होने के साथ-साथ सनसनीखेज पारी रही।**

इसी के साथ स्मृति मंधाना ने अपना सर्वश्रेष्ठ देते हुए भारत के लिये सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनी। उनकी टाइमिंग एवं कंवर ड्राइव ने सबका दिल जीत लिया। वैसे टीम का हर खिलाड़ी इस आश्चर्यकारी जीत के लिये बधाई का पात्र है। निश्चित ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 अपने नाम कर ऐसा इतिहास रचा, जो न केवल खेल का अध्याय है बल्कि सामाजिक परिवर्तन और नारी सशक्तिकरण की प्रेरक गाथा भी है। विश्व विजेता बनने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट की टीम की चर्चा दुनिया के हर कोने में हो रही है।

यह जीत केवल एक ट्रॉफी भर नहीं, बल्कि उस नारी शक्ति का उद्घोष है जो वर्षों से अपने अस्तित्व को साबित करने में लगी थी। भारतीय बेटियों ने मैदान में यह दिखा दिया कि अब खेल सिर्फ पुरुषों का क्षेत्र नहीं रहा, यह वह मंच है जहां नारी की प्रतिभा, रणनीति, धैर्य और आत्मविश्वास अपनी सर्वश्रेष्ठ अभिव्यक्ति पा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह केवल क्रिकेट की जीत नहीं, बल्कि भारत की नारी शक्ति, परिश्रम और आत्मविश्वास की जीत है। सच भी यही है कि यह विजय भारत की नई महिला चेतना का प्रतीक है, वह चेतना जो अब हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ रही है। अब भारतीय महिलाओं को हाशिया नहीं, पूरा पृष्ठ चाहिए और यह बात उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत को हासिल करके साबित किया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार महिला वनडे विश्व कप अपने नाम कर ऐतिहासिक जीत हासिल की है। भारत और दक्षिण-अफ्रीका का फाइनल विश्व कप मैच सदा के लिए इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों के साथ अतीत के पन्नों में दर्ज हो गई है। हरमनप्रीत की कप्तानी में महिला क्रिकेट टीम ने यह यादगार जीत हासिल की है। इससे पहले मिताली राज की कप्तानी में महिला क्रिकेट टीम 2005 और 2017 में फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन यहां आकर ट्रॉफी हाथ से फिसल गई थी। भारतीय महिला टीम ने टॉस हारने के बाद भी बल्लेबाजी के लिए उतरी और 298 रन बनाए। साउथ अफ्रीक की टीम इस आंकड़े को छू नहीं पाई, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर 47 साल के इंतजार को खत्म किया।

इस महान सफलता के पीछे आईसीसी अध्यक्ष जय शाह की दूरदर्शी नीतियों और नेतृत्व का भी बड़ा योगदान है। उनके कार्यकाल में महिला क्रिकेट को वह सम्मान और अवसर मिले जिसकी वह वर्षों से हकदार थी। जय शाह ने न केवल संरचनात्मक सुधार किए बल्कि महिला क्रिकेट के लिए आधारभूत ढांचे, सुविधाओं और प्रोत्साहन योजनाओं को नई दिशा दी। उन्होंने यह साबित कर दिया कि जब नेतृत्व में दृष्टि होती है, तो इतिहास बदलता है। इस विश्व कप में भारतीय खिलाड़ियों ने अपने खेल से दुनिया को चकित किया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जिस साहस और सूझबूझ से टीम का नेतृत्व किया, वह प्रेरणा का विषय है। उनके बल्ले से निकले हर रन ने नारी शक्ति की धुन गाई। स्मृति मंधाना की क्लासिकल बल्लेबाजी ने विपक्षी गेंदबाजों को बेहाल कर दिया, जबकि युवा खिलाड़ी शैफाली वर्मा की आक्रामकता ने नई पीढ़ी की ऊर्जा को स्वर दिया। गेंदबाजी में रेणुका ठाकुर और पूजा वस्त्राकर की सटीक लाइन-लेंथ ने टीम को हर मुश्किल समय में संभाला, वहीं स्पिनर दीप्ति शर्मा ने अपनी जादुई गेंदों से विरोधियों के हौसले पस्त किए। इस टूर्नामेंट में भारत की फील्डिंग और फिटनेस भी अप्रतिम रही, जो यह दर्शाती है कि अब भारतीय महिला क्रिकेट केवल तकनीक नहीं, बल्कि रणनीति और समर्पण के सर्वोच्च मानकों पर खड़ी है। महिला क्रिकेट खिलाड़ी नवीन क्षमताओं की नई उड़ान भरते हुए हर मन की मुराद पूरी कर रही है। यह जीत केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय खेल संस्कृति में परिवर्तन की दिशा का प्रतीक है। आज भारत की बेटियां छोटे कस्बों और गाँवों से निकलकर विश्व मंच पर चमक रही हैं। यह उस सामाजिक परिवर्तन का परिणाम है जिसमें परिवार, समाज और सरकार ने नारी खेल प्रतिभा को अवसर देना शुरू किया है।महिला विश्व कप 2025 ने यह सिद्ध कर दिया कि अब भारत में खेल सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं, यह राष्ट्रीय चेतना और गौरव का हिस्सा बन चुका है। यह नारी स्वाभिमान, श्रम और संघर्ष की कहानी है। क्रिकेट अब केवल पुरुषों की लोकप्रियता का प्रतीक नहीं रहा, बल्कि महिलाओं की असाधारण योग्यता का उत्सव बन गया है। भारत की यह जीत उस भविष्य की ओर इशारा करती है जहाँ खेल, लिंग भेद से परे, केवल प्रतिभा और परिश्रम के आधार पर सम्मान पाएगा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की यह ऐतिहासिक विजय केवल कप जीतने की कहानी नहीं है, यह उस भारत की घोषणा है जो अपनी बेटियों को आगे बढ़ाने का साहस रखता है। यह जीत हर उस लड़की की प्रेरणा है जो गली के मैदान में क्रिकेट बैट थामे सपना देखती है कि एक दिन वह भी भारत के लिए खेलेगी। यह स्वर्णिम विजय हमें यह संदेश देती है कि भारत की नारी अब हर क्षेत्र में ÷खेल बदलने÷ के लिए तैयार है। जय शाह जैसे सक्षम नेतृत्व और खिलाड़ियों की प्रतिभा से सुसज्जित यह टीम आने वाले समय में विश्व क्रिकेट का नया अध्याय लिखेगी, जहाँ हर शॉट में आत्मविश्वास होगा, हर गेंद में संकल्प, और हर जीत में भारत की बेटियों की दमकती मुस्कान। भारत की बेटियाँ अब सिर्फ खेल नहीं रही हैं बल्कि वे इतिहास रच रही हैं।

देश पर छा रहे अनेकानेक उजालों के बीच महिला विश्व कप 2025 रूपी उजाला देशवासियों को प्रसन्नता का प्रकाश दे गया। संदेश दे गया कि देश का एक भी व्यक्ति अगर दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की ठान ले तो वह शिखर पर पहुंच सकता है। विश्व को बौना बना सकता है। पूरे देश के निवासियों का सिर ऊंचा कर सकता है। महिलाओं की इस करिश्माई उपलब्धि के बाद अखबारों के शीर्ष में यह समाचार छपा और सबको लगा कि शब्द उन पृष्ठों से बाहर निकलकर नाच रहे हैं। भारतीय महिला खिलाड़ियों ने खिलाड़ीपन के लम्बे रन-अप को पल-पल जीया है। इस दौरान बहुत कुछ पीया है तभी वे विश्व विजेता बनी। वरना यहां तक पहुंचते-पहुंचते कईयों के घुटने घिस जाते हैं। एक बूंद अमृत पीने के लिए समुद्र पीना पड़ता है। सम्मान, पदवी, उपाधियां, अलंकरण बहुतों को मिलते हैं पर सही सीने पर सही तमगा और सही नाम के आगे सही सम्बोधन कभी-कभी लगता है। जैसा महिला विश्व कप 2025 की भारतीय महिला खिलाड़ियों के सीनों पर लगा है। जब भी कोई अर्जुन धनुष उठाता है, निशाना बांधता है तो करोड़ों के मन में एक संकल्प, एक एकाग्रता का भाव जाग उठता है और कई अर्जुन पैदा होते हैं। अपने देश में हर बल्ला उठाने वाला अपने को गावस्कर, तेंगुलकर विराट कोहली, रोहित समझता है, हर बॉल पकड़ने वाला अपने को कपिल-अर्शदीप, बुमराह समझता है। हॉकी की स्टिक पकड़ने वाला हर खिलाड़ी अपने को ध्यानचंद, हर टेनिस का रेकेट पकड़ने वाला अपने को रामानाथन कृष्णन समझता है। और भी कई नाम हैं, मिल्खा सिंह, पी.टी. उषा, प्रकाश पादुकोन, गीत सेठी, जो माप बन गये हैं खेलों की ऊंचाई के। आज शेफाली हो स्मृति या फिर जेमिमा हो या दीप्ति आज माप बन गयी है और जो माप बन जाता है वह मनुष्य के उत्थान और प्रगति की श्रेष्ठ स्थिति है। यह अनुकरणीय है। जो भी कोई मूल्य स्थापित करता है, जो भी कोई पात्रता पैदा करता है, जो भी कोई सृजन करता है, जो देश का गौरव बढ़ाता है, जो गीतों में गाया जाता है, उसे सलाम। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को सलाम।

## तस्वीरों की दुनिया


छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर नवा रायपुर स्थित राज्योत्सव परिसर के शिल्पग्राम में रोजाना बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के पक्ष में आहूत एक विशाल जनसभा को पूरी पूर्वी चम्पारण के चकिया में सम्बोधित किया।


केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह दरभंगा जिले के जाले विधानसभा क्षेत्र में बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एक जनसभा के दौरान गदा पकड़े हुए।


पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता स्मृति ईरानी पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेस के दौरान।


राजद नेता तेजस्वी यादव पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेस को संबोधित करते हुए।



महाराष्ट्र एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स के सदस्यों ने डॉ. संपदा मुंडे के लिए न्याय की मांग करते हुए एक विरोध मार्च निकाला, जिन्होंने महाराष्ट्र के नागपुर में उत्पीड़न और यौन उत्पीड़न का सामना करने के बाद महाराष्ट्र के सतारा जिले में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।


प्रयागराज में संगम पर महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि उर्फ टीना मां के पट्टाभिषेक अनुष्ठान के दौरान किन्नर अखाड़ा के सदस्य।

# छत्तीसगढ़ पैसेंजर ट्रेन-मालगाड़ी हादसे में 11 की मौत



**बिलासपुर, 05 नवंबर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मंगलवार शाम चार बजे पैसेंजर ट्रेन के खड़ी मालगाड़ी से टकराने के कारण 10 यात्रियों की मौत हो गई। दुर्घटना में 25 से अधिक घायलों को विभिन्न अस्पतालों में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। प्राथमिक तौर पर संकेत हैं कि ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम फेल होने के कारण यह दुर्घटना हुई। ट्रेन की गति तेज होने को भी दुर्घटना का कारण माना जा रहा है। रेलवे सुरक्षा आयुक्त को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है।जयरामनगर और गोतरा स्टेशन के बीच गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू लोकल पैसेंजर ट्रेन (68733) की इंजन का हिस्सा मालगाड़ी पर चढ़ गया, जिससे एक लोको पायलट विद्याधर की मौके पर मौत हो गई।साथ चल रही महिला लोको पायलट रश्मि राज ने दुर्घटना के ठीक पहले कूदकर जान बचा ली। उसे भी अन्य घायलों के साथ अस्पताल में भर्ती किया गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार अभी महिला पायलट बात नहीं कर पा रही हैं। उससे ही दुर्घटना के सही कारणों की जानकारी मिलने की उम्मीद है।सभी घायलों को रेलवे अस्पताल के साथ ही सिम्स बिलासपुर और जिला अस्पताल, बिलासपुर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। लोको पायलट विद्याधर का शव इंजन में ही फंस गया था। कटर का प्रयोग कर उनका शव निकालना पड़ा। उधर, रेलवे ने मृतकों के स्वजन को 10-10 लाख रुपये तथा राज्य सरकार ने पांच-पांच लाख रुपये आर्थिक सहायता की घोषणा की है। इसी के साथ गंभीर रूप से घायलों को रेलवे की तरफ से पांच लाख और सामान्य घायलों को एक लाख रुपये दिए जाएंगे।राज्य सरकार की ओर से घायलों के लिए 50 हजार रुपये आर्थिक सहायता की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ट्रेन दुर्घटना को अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक बताते हुए दिवंगत हुए यात्रियों के स्वजन के प्रति संवेदना व्यक्त की है।दुर्घटना के बाद हावड़ा से मुंबई जाने वाली अप लाइन पर अप के साथ मिडिल, डाउन और चौथी लाइन को बंद कर दिया गया। बिलासपुर के रास्ते में चल रही सात ट्रेनों को मौके पर ही रोक दिया गया। तीन घंटे के बाद डाउन लाइन को रात लगभग सात बजे खोला गया। इसके बाद बिलासपुर स्टेशन पर नियंत्रित की गई ट्रेनों को एक के बाद एक रवाना किया गया। सबसे पहले गोंडवाना एक्सप्रेस को रवाना किया गया।दुर्घटना से रेलवे की सुरक्षा प्रणाली भी सवालों में आ गई है। दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए कवच व्यवस्था के पूरी तरह लागू होने से पहले रेलवे की ओर से आटोमैटिक सिग्नल प्रणाली की शुरुआत की गई है। इस व्यवस्था के तहत गाड़ियों का दबाव होने की स्थिति एक ही ट्रैक पर तीन ट्रेनें चल सकती हैं। दिन में 15 किलोमीटर प्रतिघंटा और रात में 10 किलोमीटर प्रतिघंटा ट्रेनों को चलाया जा सकता है। पैसेंजर ट्रेन के बारे में आशंका जताई जा रही है कि लोको पायलट (ट्रेन ड्राइवर) तेज गति में ट्रेन को चला रहा था।इस बात की भी आशंका है कि सिग्नल की व्यवस्था की भी अनदेखी की गई। ट्रैक पर खड़ी मालगाड़ी के अचानक सामने आने पर वह ट्रेन को नियंत्रित नहीं कर पाया।घटना की सूचना मिलने पर रेलवे और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। राहत ट्रेन को भी मौके पर भेजा गया। रेल अधिकारियों ने इस मामले की गहन जांच का आश्वासन दिया है।घटना शाम चार बजे की है। रेलवे की ओर से आधे घंटे के बाद राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। मौके पर लाइट की व्यवस्था नहीं होने के कारण बचाव कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही थी। रेलवे की लापरवाही के कारण समय पर बिजली नहीं पहुंची थी। काफी देर के बाद प्रकाश की व्यवस्था की गई। इसके बाद राहत कार्य दोबारा शुरू किया गया। वहीं, रिलीफ ट्रेन भी देर से मौके पर पहुंची।

## यूपी में चीनी मिलों ने शुरू की गन्ना की पेराई, गन्ना मूल्य के त्वरित भुगतान के लिए चीनी मिलों को निर्देश जारी



**लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी किए जाने के बाद मंगलवार को वर्तमान पेराई सत्र की शुरुआत हो गई। 53 चीनी मिलों ने गन्ना खरीद के लिए इंडेंट जारी कर दिया है, इनमें से 21 मिलों में पेराई कार्य भी शुरू कर दिया गया है।गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस. ने बताया कि सहकारी क्षेत्र की एक और निजी क्षेत्र की 20 चीनी मिलों में पेराई कार्य शुरू हुआ है। इनमें सहारनपुर परिक्षेत्र की पांच, मेरठ परिक्षेत्र की आठ, मुरादाबाद परिक्षेत्र की दो और लखनऊ परिक्षेत्र की छह चीनी मिलें शामिल हैं।इनके अलावा अन्य 32 चीनी मिलों द्वारा पेराई कार्य शुरू करने की औपचारिकताएं पूरी कर इंडेंट जारी कर दिया है। इनका संचालन भी अगले कुछ दिनों में शुरू हो जाएगा। वहीं शेष 69 चीनी मिलें भी जल्द पेराई शुरू करने की प्रक्रिया पूरी कर रही हैं। आयुक्त ने बताया कि वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 के देय गन्ना मूल्य का नियमानुसार त्वरित भुगतान करने के लिए चीनी मिलों को निर्देश भी जारी कर दिये गए हैं। मिलों द्वारा भुगतान भी शुरू कर दिया गया है। चीनी मिलों के समय से संचालन से गेहूं बुवाई के लिए खेत खाली होने से किसानों को भी सुविधा रहेगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका में वरिष्ठता मानदंड पर फैसला रखा सुरक्षित, अब इस दिन होगी सुनवाई



**नईदिल्ली, 05 नवंबर [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इस पर निर्णय सुरक्षित रख लिया कि क्या राज्यों में न्यायाधीशों के करियर में प्रगति से जुड़ी असमानताओं को दूर करने के लिए उच्च न्यायिक सेवा (एचजेएस) कैडर में वरिष्ठता निर्धारित करने के लिए एक समान, राष्ट्रव्यापी मानदंड तैयार किए जाने चाहिए। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस के विनोद चंद्रन तथा जस्टिस जायमाल्या बागची की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने इस विषय पर तीन दिनों तक चली सुनवाई के बाद यह निर्णय लिया। सुनवाई के दौरान, पीठ ने यह देखा कि अधिकांश राज्यों में सिविल जज (सीजे) के रूप में भर्ती होने वाले न्यायिक अधिकारी अक्सर प्रधान जिला न्यायाधीश (पीडीजे) के स्तर तक भी नहीं पहुंच पाते हैं। इस स्थिति के कारण कई प्रतिभाशाली युवा अधिवक्ता सीजे के स्तर की सेवा में शामिल होने से हतोत्साहित हो रहे हैं।पीठ ने इस मुद्दे पर विचार करते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों की वरिष्ठता निर्धारित करने के मानदंडों में राष्ट्रव्यापी एकरूपता आवश्यक है। कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि वार्षिक भर्ती आदर्श है, लेकिन जब यह चार-पांच साल तक नहीं होती तो व्यवस्था का क्या होगा। भटनागर ने बताया कि अधिकांश राज्यों में पदोन्नति वरिष्ठता के आधार पर होती है, जबकि न्यायिक अधिकारियों की वास्तविक योग्यता को नजरअंदाज किया जाता है। उन्होंने सुझाव दिया कि उच्च ग्रेड पर भी पदोन्नत और सीधी भर्ती वाले न्यायाधीशों के बीच 1.1 का अनुपात बनाए रखा जाना चाहिए। इस मामले की सुनवाई 19 अक्टूबर और चार नवंबर को भी होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू)और निजी क्षेत्र की कंपनियों के संचालक इस डर से घिरे रहेंगे कि उनके फैसलों को बाद में नकारात्मक तरीके से देखा जाएगा और उन्हें और उनकी कंपनियों को मुकदमेबाजी में उलझाया जाएगा, तो बड़े हिचकिचाते हुए काम करने की प्रवृत्ति पैदा होती है जो भविष्य के लिए सही नहीं है। ये टिप्पणियां शीर्ष न्यायालय द्वारा सोमवार को दिए गए एक फैसले में की गईं, जिसमें एंग्लो अमेरिकन मेटलर्जिकल कोल प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में लगभग 650 करोड़ रुपये की मध्यस्थता राशि के प्रवर्तन को बरकरार रखा गया। अदालत ने सरकारी कंपनी एमएमटीसी लिमिटेड की चुनौती को खारिज कर दी।

## रेलवे स्टेशन से लेकर ब्रिजों को खोखला कर रहे चूहे लापरवाही के कारण धंसा 72 साल पुराना शास्त्री पुल



**इंदौर।** इंदौर नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के कारण 72 साल पुराने शास्त्री ब्रिज का एक हिस्सा रविवार सुबह धंस गया। इस घटना से सड़क पर पांच फीट गहरा और सात फीट चौड़ा गड्ढा बन गया।जानकारी के अनुसार, नगर निगम के अधिकारियों को एक वर्ष पूर्व ही चूहों द्वारा ब्रिज के आधार क्षेत्र को खोखला करने की सूचना मिल गई थी, लेकिन उन्होंने इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया।चूहों के बिलों को भरने के बाद न तो ब्रिज के समग्र नुकसान की जांच कराई गई और न ही कोई एहतियाती उपाय किए गए। अब यह सामने आया है कि चूहों ने ब्रिज के आधार में तीन फीट गहरे बिल बना लिए हैं। इसके अलावा, ब्रिज के नीचे बनी दुकानों का फर्श खोदकर 15 फीट गहरे तलघर भी बना लिए गए हैं, जिससे पुल को और अधिक नुकसान पहुंचा है। नगर निगम अब ब्रिज और उसके आसपास के क्षेत्र में पेस्ट कंट्रोल करवाने की योजना बना रहा है।साथ ही, शास्त्री ब्रिज के फुटपाथ की खोदाई कर इसे दोबारा बनाया जाएगा। ब्रिज के नीचे मिट्टी हटाकर पत्थर और सीमेंट का मिश्रण भरा जाएगा और इसके बाद मोटा स्लैब भी डाला जाएगा।

सोमवार शाम को नगर निगम के अधिकारियों ने विशेषज्ञों के साथ पुल का निरीक्षण किया। शास्त्री ब्रिज से करीब एक किमी की दूरी पर प्रदेश का सबसे बड़ा सरकारी एमवाय अस्पताल है। यहां यह स्थिति है कि कुछ दिन पहले ही चूहों ने पीडियाट्रिक आइसीयू में दो नवजातों के अंगों को कुतर दिया था। दोनों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद देशभर में इंदौर की छवि धूमिल हुई।

पता चला है कि चूहों ने एमवायएच की बिल्डिंग को भी खोखला कर दिया है। अब शासन नई बिल्डिंग बनाने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। इसी तरह रेलवे स्टेशन पर भी चूहों का जबरदस्त आतंक है। चूहों ने प्लेटफार्म को भी खोखला कर दिया है।

# लोन वसूलने आए बैंक कर्मी को तलवार से काटा, रिकवरी नोटिस थमाते ही गर्दन पर किया वार, जान बचा कर गिरते-पड़ते भागा

**भागलपुर, 05 नवंबर [एजेंसी]।**



बैंक आफ इंडिया अलीगंज शाखा में कार्यरत दफ्तरी देवकी नंदन मिश्रा को तलवार से काट दिया गया। शुक्र यह रहा की तलवार से खुद को बचाने के लिए इन्होंने हाथ आगे किया। जिस इनका गर्दन कटने से बच गया। घटना के बाद पीड़ित ने इशाकचक थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। वहीं पुलिस आवेदन लेकर मामले की जांच करने में जुट गयी है। कमलनगर कालोनी मिरजानहाट निवासी देवकी नंदन ने आवेदन में कहा हैं कि वो लोन रिकवरी का नोटिस देने के लिए इशाकचक निवासी बालेश्वर राय के पुत्र रंजन कुमार राय के घर पर गए थे। रंजन अपने घर में नहीं थे। इनकी पत्नी छत पर थी। मैने उनको नोटिस लेने के लिए कहा।हम बात ही कर रहे थे तभी रंजन के भाई रंजीत कुमार राय छत पर खड़े होकर हमें गाली गलौज करने लगे। फिर रंजीत छत से धमकी देते हुए नीचे आए। इनके हाथ में तलवार था। सामने आते ही उसने मेरे सिर पर तलवार से हमला कर दिया।मैंने बचाव के लिए हाथ से बचाव का कोशिश किया तो तलवार सीधे मेरे हाथ पर लगा। तलवार के वार से मेरा हाथ कट गया। अगर हाथ से बचाव नहीं करते तो मेरा पूरा सर फट जाता जिससे मेरी मौत भी हो सकती थी।एक बार हमला करने के बाद वह फिर से मुझे मारने आया। हमने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। आगे इन्होंने बताया कि रंजन पर बैंक का तीन लाख चालीस हजार 991 रुपया बकाया है। यह लोन का नियमित भुगतान नहीं करते है। जिस वजह से नियम संगत धारा अंतर्गत इनको नोटिस दिया गया है। पीरपैंती थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक लड़की के पिता ने अपने पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप बगल के गांव के ही एक युवक पर लगाया हैं। इस संबंध में उसने पीरपैंती थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाया है। पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री 30 अक्टूबर को दिन में शेरमारी बाजार सामान लाने कहकर घर से निकली थी।काफी देर तक वापस नही लौटी तब खोजबीन किया।काफी खोजबीन के बाद भी पता नही चल सका। 31 अक्टूबर को उक्त आरोपित ने अपने फेसबुक आईडी से पुत्री का और अपना फोटो डाला,तब जाकर पता चला।

## एक भक्त ने सांवरिया सेठ को चढ़ाया चांदी का ट्रांसफार्मर, जयकारों से भक्तिमय वातावरण



**उदयपुर 5 नवंबर।** उदयपुर के ललित गांग सोनू ने मंगलवार को सांवरिया सेठ के दरबार में चांदी का ट्रांसफार्मर और डीपी सेट समर्पित किया। यह भेंट बड़ी सादड़ी स्थित गोपाल पुरुषोत्तम आश्रम के स्वामी सुदर्शन महाराज की उपस्थिति में अर्पित की गई।ललित गांग सोनू उदयपुर इलेक्ट्रिकल संगठन के अध्यक्ष और हैप्पी इलेक्ट्रिकल के निदेशक हैं। उन्होंने श्रद्धापूर्वक चांदी से निर्मित ट्रांसफार्मर और डीपी सेट सांवरिया जी के श्री चरणों में अर्पित किया। इस अवसर पर उनके साथ कुलदीप श्रीमाली, सुरेश मेनारिया (दर्शन यूनिफार्म), प्रमोद गौतम और प्रहलाद सुथार भी उपस्थित थे।मंदिर परिसर में भेंट के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और जय सांवरिया सेठ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। स्वामी सुदर्शन आचार्य जी ने इसे केवल श्रद्धा का प्रतीक नहीं, बल्कि सेवा और भक्ति का अद्भुत संगम बताया।भक्तजन ललित गांग सोनू के इस कार्य को अनोखा भक्त, अनोखी भेंट के रूप में सराह रहे हैं। यह कार्यक्रम भक्ति और सामुदायिक सेवा का जीवंत उदाहरण बन गया, जिससे मंदिर परिसर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

## दिल्ली लौटेंगे मंगोलिया में फंसे 228 यात्री, एअर इंडिया भेजा विशेष विमान




**नई दिल्ली 5 नवंबर।** एअर इंडिया मंगोलिया के उलानबटोर में फंसे 228 यात्रियों को वापस लाने के लिए एक विशेष विमान भेजेगी। सोमवार को सैन फ्रांसिस्को-दिल्ली की उड़ान को तकनीकी समस्या के कारण उलानबटोर में इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी।एयरलाइन ने बताया कि राहत उड़ान बुधवार सुबह यात्रियों को लेकर वापस लौटेगी। सूत्रों के अनुसार विमान में 245 लोग सवार थे, जिनमें 228 यात्री और 17 चलक दल के सदस्य थे। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि एअर इंडिया उड़ान संख्या एआइ174 के यात्रियों को ले जाने के लिए एक राहत उड़ान संचालित करेगी। राहत उड़ान बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान से संचालित की जाएगी।बयान में यह भी कहा गया है कि एयरलाइन स्थानीय अधिकारियों और मंगोलिया स्थित भारतीय दूतावास के साथ मिलकर यात्रियों और चालक दल की देखभाल कर रही है। इसमें उन्हें होटल में आवास उपलब्ध कराना भी शामिल है।

## यूपी सहित 19 राज्यों में फैला है जीएसटी चोरी का नेटवर्क, अन्य राज्यों में भी बोगस फर्मों की जांच शुरू

**लखनऊ, 05 नवंबर [एजेंसी]।**

बोगस फर्में बनाकर जीएसटी चोरी करने वाले सिंडिकेट का नेटवर्क उत्तर प्रदेश सहित देश के 19 राज्यों में फैला हुआ है। जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक जीएसटी चोरी का खेल सामने आया है। दो मोबाइल नंबरों पर पंजीकृत 122 फर्मों में से कुल 26 फर्में ही यूपी में हैं। 96 फर्में अन्य राज्यों में हैं। संबंधित राज्य भी बोगस फर्मों की जांच कराने में जुट गए हैं। अन्य राज्यों में बोगस फर्मों के खिलाफ जांच पूरी होने के बाद टैक्स चोरी का बहुत बड़ा खेल सामने आ सकता है। बोगस फर्म बनाकर लोहे के कारोबार में 368 करोड़ रुपये कर की चोरी किए जाने का मामला अब तक सामने आ चुका है।राज्य कर आयुक्त नितिन बंसल ने जिन राज्यों में बोगस फर्मों के जरिए कारोबार किया गया है, उसकी विस्तृत सूचना संबंधित राज्यों को भेज दी है। फोन पर भी राज्यों के अधिकारियों से बात करते हुए इन फर्मों की जांच कराने को कहा है।सूत्रों के मुताबिक दूसरे राज्यों ने भी इन फर्मों की जांच शुरू करा दी है। 122 फर्मों में से यूपी में पंजीकृत फर्मों की कुल संख्या 26 है। इन 26 में से आठ फर्म जीएसटी में पंजीकृत हैं, जबकि 18 फर्म सीजीएसटी के तहत पंजीकृत हैं।बोगस फर्म ने उत्तर प्रदेश के साथ ही जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, असम, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटका, तेलंगाना, उत्तराखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश तक कारोबार किया है।

## फिलीपींस में तूफान कालमेगी का कहर, 40 लोगों की मौत, बाढ़ की वजह से छतों पर फंसे लोग

**मनीला।** फिलीपींस में मंगलवार को आए तूफान कालमेगी का कहर देखने को मिला। तूफान के चलते देश में जान-माल को भारी नुकसान पहुंचा है। 40 लोगों के मरने और कई लोगों के घायल होने की खबर है। तूफान के चलते भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में ज्यादातर लोगों की जान गई।बाढ़ के चलते लोगों को अपने घरों की छतों का सहारा लेना पड़ा है, जबकि बड़ी संख्या में कारें पानी में डूब गई हैं। जबकि राहत और बचाव कार्य के दौरान वायुसेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार पांच सैनिकों की मौत हो गई। यह हादसा दक्षिणी अगुसान डेल सुर प्रांत में हुआ।अधिकारियों के अनुसार, तूफान से देश का मध्य हिस्सा सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। इस शक्तिशाली तूफान के चलते मध्य प्रांत गुइमारास के तटीय इलाकों में 130 प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं।पश्चिमी प्रांत पल वन को प्रभावित करने के बाद तूफान के दक्षिण चीन सागर की तरफ बढ़ने का अनुमान है। सिविल डिफेंस कार्यालय के एक अधिकारी के अनुसार, हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। भारत ने तूफान प्रभावित जमैका और क्यूबा के लिए वायुसेना के एक विमान से 20 टन राहत सामग्री भेजी है।

## महिलाओं की डिजिटल सुरक्षा, गोपनीयता होनी चाहिए सुरक्षित, महिला आयोग ने केंद्र को भेजी सिफारिश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने आनलाइन दुनिया में महिलाओं के लिए मजबूत डिजिटल अधिकार, गोपनीयता सुरक्षा और जवाबदेही तंत्र सुनिश्चित करने के लिए भारत के साइबर कानूनों की व्यापक समीक्षा की सिफारिश की है। कानून समीक्षा 2024 और 2025 के लिए अनुशंसात्मक रिपोर्ट में विस्तृत सिफारिशें विधि एवं न्याय, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, महिला एवं बाल विकास और गृह मंत्रालयों को भेजी गई हैं। यह रिपोर्ट एक साल तक जारी रहे राष्ट्रव्यापी परामर्श के समापन का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य लैंगिक-संवेदनशील दृष्टिकोण से भारत के साइबर कानूनी ढांचे की पुनर्कल्पना करना है। इस अभ्यास के तहत पंजाब, हरियाणा, बंगाल, ओडिशा, असम, गुजरात, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ में आठ क्षेत्रीय परामर्श आयोजित किए गए। इसके बाद दो राष्ट्रीय परामर्श और गुवाहाटी स्थित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय एवं न्यायिक अकादमी में परामर्श आयोजित किए गए। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि डिजिटल दुनिया ने महिलाओं के लिए सीखने, उद्यमशीलता और अभिव्यक्ति के अनंत द्वार खोले हैं, लेकिन इसने खतरे और धमकी के नए आयाम भी पैदा किए हैं।उन्होंने कहा कि आयोग एक ऐसे डिजिटल तंत्र की कल्पना करता है, जहां कानून केवल अपराधियों को दंडित ही नहीं करे, बल्कि महिलाओं के सम्मान की रक्षा भी करे, जहां भय की जगह जागरूकता हो तथा हर महिला आत्मविश्वास, जानकारी और सुरक्षा के साथ डिजिटल दुनिया में कदम रख सके।अंतिम परामर्श में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल हुए।

# हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद हिंदुजा का 85 वर्ष की आयु में निधन, व्यापार जगत में शोक

**नईदिल्ली, 05 नवंबर [एजेंसी]।**



हिंदुजा समूह के चेयरमैन और भारतीय मूल के अरबपति गोपीचंद पी. हिंदुजा का बुधवार को लंदन के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। समाचार एजेंसी पीटीआई ने पारिवारिक सूत्रों के हवाले से बताया कि गोपीचंद पी हिंदुजा चार हिंदुजा भाइयों में सबसे बड़े थे और लंबे समय से बीमार थे। व्यापारिक जगत में उन्हें जीपी के नाम से जाना जाता है। उनके परिवार में उनकी पत्नी सुनीता, पुत्र संजय और धीरज, पुत्री रीता हैं। हिंदुजा परिवार की दूसरी पीढ़ी से ताल्लुक रखने वाले गोपीचंद ने मई 2023 में अपने बड़े भाई श्रीचंद के निधन के बाद चेयरमैन का पद संभाला था।यूके संडे टाइम्स रिच लिस्ट के अनुसार, जी.पी. हिंदुजा लगातार सात सालों तक यूनाइटेड किंगडम के सबसे अमीर व्यक्ति थे। साल 1940 में भारत में जन्मे, उन्होंने हिंदुजा ऑटोमोटिव लिमिटेड के चेयरमैन के रूप में भी काम किया और 2023 में अपने भाई श्रीचंद हिंदुजा की मनोभ्रंश से मृत्यु के बाद समूह के चेयरमैन का पदभार संभाला।

गोपीचंद हिंदुजा ने 1959 में मुंबई के जय हिंद कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और वेस्टमिंस्टर विश्वविद्यालय से डॉक्टर ऑफ लॉ की मानद उपाधि भी प्राप्त की। उन्हें लंदन के रिचमंड कॉलेज से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की मानद उपाधि भी प्रदान की गई थी।हिंदुजा परिवार का व्यवसाय सबसे पहले 1914 में जी.पी. हिंदुजा के पिता परमानंद हिंदुजा ने स्थापित किया गया था। वहीं इसके फाउंडर थे। गोपीचंद हिंदुजा और उनके भाई श्रीचंद हिंदुजा ने इस व्यवसाय को आगे बढ़ाया और इसे आज के अरबों डॉलर के समूह में बदल दिया। पीचंद हिंदुजा के परिवार को ब्रिटेन में सबसे अमीर बताया गया था, उनकी संपत्ति 32.3 बिलियन पाउंड बताई गई थी। हिंदुजा समूह 11 क्षेत्रों में कारोबार करता है, जिनमें ऑटोमोटिव, बैंकिंग और वित्त, आईटी, स्वास्थ्य सेवा, रियल एस्टेट, बिजली, और मीडिया एवं मनोरंजन शामिल हैं। इसके कुछ प्रसिद्ध ब्रांडों में अशोक लीलैंड, इंडसइंड बैंक और नेक्स्टडिजिटल लिमिटेड शामिल हैं।

### भारत-इजरायल के बीच बड़ा रक्षा समझौता, दोनों देशों ने आतंकवाद जैसी चुनौतियों पर भी चर्चा की

**नई दिल्ली।** भारत और इजरायल के बीच मंगलवार को एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों देशों के बीच हुआ यह एमओयू रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने के लिए है। इसके साथ ही दोनों देशों ने आतंकवाद जैसी साझा चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया और इस खतरे के खिलाफ सामूहिक संकल्प को दोहराया है। दोनों देशों के बीच 17वीं संयुक्त कार्यकारी समूह की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।समझौते के तहत दोनों देश उन्नत तकनीकों का साझा उपयोग, सह विकास और सह उत्पादन करेंगे। यह बैठक इजरायल के तेल अवीव में हुई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस बैठक की सह अध्यक्षता भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और इजरायली रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक मेजर जनरल आमिर बराम ने की।विशेषज्ञों के अनुसार, भारत और इजरायल के बीच रक्षा सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में यह एक और महत्वपूर्ण कदम है।

## वाशिंगटन के रोनाल्ड रीगन हवाई अड्डे पर बम की धमकी, सभी उड़ानें रोकीं



**वाशिंगटन, 05 नवंबर [एजेंसी]।**

संघीय उड्डयन प्राधिकरण ने कहा कि सुरक्षा खतरे के कारण मंगलवार को अमेरिका के सबसे व्यस्त रनवे में से एक पर आने-जाने वाली सभी उड़ानें रोक दी गईं।एक कानून प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि अधिकारी वाशिंगटन डीसी क्षेत्र में रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक विमान में बम होने की कथित धमकी की जांच कर रहे हैं। सुरक्षा प्रोटोकाल के अनुसार विमान को हवाई क्षेत्र के एक अलग-थलग इलाके में ले जाया गया।अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर जानकारी दी क्योंकि वे चल रही जांच के विवरण पर सार्वजनिक रूप से चर्चा नहीं कर सकते थे।मेट्रोपालिटन वाशिंगटन एयरपोर्ट्स अथॉरिटी के एक प्रवक्ता के अनुसार, प्रभावित यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान के यात्रियों को विमान से उतारकर बस से टर्मिनल तक पहुंचाया गया और बाकी सभी हवाई यातायात रोक दिया गया।यूनाइटेड एयरलाइंस के प्रवक्ता ने मंगलवार को सभी सवालों को एफबीआइ को सौंप दिया। मंगलवार दोपहर हवाई अड्डे के बाहर से उड़ान भरने वाली उड़ानों में औसत देरी का समय 51 मिनट था। अधिकतम देरी का समय दो घंटे से ज्यादा था।

# ग्रामीण आजीविका संसाधनों और पक्के आवासों से खुल रही विकास की नई राह

## राज्योत्सव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की गतिविधियाँ बनी प्रदर्शन का आकर्षण

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का प्रदर्शनी स्टॉल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहाँ प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का मॉडेल, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा एवं अमृत सरोवर जैसी योजनाओं की झलकियाँ दिखाई गई हैं। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत संचालित महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित विविध उत्पादों की प्रदर्शनी भी लोगों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही है।



राज्योत्सव के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्रीय विधायक भइयालाल राजवाड़े ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नव-निर्मित आवासों की प्रतीकात्मक चाभी ग्राम पंचायत भांड़ी के हितग्राही रामस्वरूप, श्रीमती सुमरी, श्रीमती लालो तथा श्रीमती बइया को प्रदान करते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

कोरिया जिले में जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के 2,432 और जनपद पंचायत सोनहत के 935 हितग्राहियों ने अपने नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास में गृहप्रवेश किया है। इस प्रकार कुल 3,367 परिवारों के जीवन में पक्के मकान की खुशियाँ साकार हुई हैं। बिहान से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा 'कोरिया अमृत' ब्रांड के अंतर्गत तैयार उत्पादों का विशेष स्टॉल लगाया गया है। इनमें कोरिया मोदक, अचार, मिलेट कुकीज़, वंदना मसाले, टेराकोटा शिल्प, बांस कला, सोन हनी, सुगंधित चावल, पीनट बटर, पीनट पिकल और कर्मा उत्पाद शामिल हैं। राज्योत्सव के पहले दो दिनों में ही लगभग 34,000 की बिक्री दर्ज हुई है।

विधायक श्री राजवाड़े ने कहा कि 'कोरिया अमृत' ब्रांड अब प्रदेश में कोरिया जिले की ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता की पहचान बन चुका है। यह जिला प्रशासन तथा समुदाय के संयुक्त प्रयासों का प्रेरणादायक उदाहरण है। राज्योत्सव स्थल पर महिला समूहों द्वारा संचालित चार फूड स्टॉल पर श्रीअन्न (मिलेट) से बने व्यंजन, साबूदाना बड़ा और अन्य पारंपरिक खाद्य सामग्री परोसी जा रही है, जिन्हें आगंतुकों द्वारा विशेष सराहना मिल रही है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के इस प्रदर्शनी स्टॉल ने ग्रामीण विकास की उपलब्धियों, महिलाओं की आर्थिक उन्नति और पक्के आवासों की खुशियों को सजीव रूप में प्रस्तुत कर राज्योत्सव को अर्थपूर्ण बनाया है।



## राज्योत्सव-2025 में ताल-सुर का समागम-'श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में' भजन पर थिरका बैकुंठपुर

**कोरिया बैकुंठपुर।** राज्योत्सव-2025 के अंतिम दिन बैकुंठपुर के मिनी स्टेडियम में ऐसा दृश्य देखने को मिला, मानो पूरा बैकुंठपुर एक साथ उत्सव में शामिल हो गया हो। खचाखच भरे स्टेडियम में दर्शकों की उत्साहपूर्ण मौजूदगी ने आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।

कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी को नमन करते हुए छत्तीसगढ़ राजगीत की सुमधुर प्रस्तुति से हुई, जिसे मंच और दर्शक दीर्घा से भरपूर प्रशंसा मिली। इसके बाद रायपुर से पहुंचे कलाकारों ने 'श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में' भजन की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। सुरों की लय और भावनाओं की गहराई ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीत समाप्त होते ही तालियों की गड़गड़ाहट देर तक गूंजती रही। हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य की गोद में बसे बैकुंठपुर में उत्सव का यह रंग और भी मनोहारी प्रतीत हुआ। जिले के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं आमजन की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने राज्योत्सव की शोभा बढ़ा दी। जिला प्रशासन द्वारा की गई समुचित व्यवस्था की भी जनता ने खुलकर सराहना की।

## गल्ले से नकदी 50 हजार पार

**रायपुर।** ग्राम चंदखुरी स्थित किराना दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## सर्व रविदास समाज के 'कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष' बने अशोक लाल कुर्रे



**कोरिया बैकुंठपुर।** सर्व रविदास समाज (छ.ग.) के तत्वावधान में 2 नवंबर 25 ,दिन-रविवार को हजारों की संख्या में गुरूघासीदास प्लाजा रायपुर में प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न हुआ, जिसमें प्रदेश के 'संत रविदास जी महाराज' के अनुयायियों के सभी प्रमुख सात जाति घटको ने मिलकर सर्वसम्मति से प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की हैं। सरगुजा संभाग के कोरिया जिले से कोरिया के पूर्व यूवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष व सरगुजा संभाग के पूर्व संभागीय अध्यक्ष का निर्वहन सफलतापूर्वक करने के पश्चात अशोक लाल कुर्रे को प्रदेश में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष का नेतृत्व मिला हैं । निश्चित ही उनके अनुभव व समर्पण से सामाजिक एकता, जन-जागरूकता और विकास की नई इबारत लिखी जायेगी। प्रदेश में सरगुजा संभाग से बाल भगवान राम, नरेंद्र चंचल, लखनलाल कुर्रे, राधा रवि, विमला सोनवानी व रविन्द्र रवि को भी जिम्मेदारी प्राप्त हुई है। अशोक लाल कुर्रे के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनने पर उनके शुभचिंतकों में व्याप्त खुशी की लहर दौड़ पड़ी हैं।

## सौर संयंत्रों की मरम्मत में आएगी तेजी

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के जोनल कार्यालय, कोरिया द्वारा जिले में स्थापित सौर संयंत्रों को फिर से सुचारू रूप से संचालित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर से क्रेडा प्रधान कार्यालय रायपुर को 31 नग स्पेयर इन्वर्टर एवं 240 नग बैटरी बैंक की मांग शीघ्र उपलब्ध करवाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। जोनल कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आर.वी.ई., डीडीजी एवं सौभाग्य योजनांतर्गत जिले के कई गांवों में सौर संयंत्र स्थापित किए गए थे। इनमें से अधिकांश संयंत्रों की वारंटी अवधि समाप्त होने के कारण इनके इन्वर्टर और बैटरी बैंक खराब हो गए हैं, जिसके चलते संयंत्र पूर्ण क्षमता से कार्य नहीं कर पा रहे हैं।परिणामस्वरूप कई गांवों में पेयजल आपूर्ति एवं घरेलू विद्युत उपयोग प्रभावित हो रहा है। क्रेडा, जिला कार्यालय कोरिया द्वारा सौर संयंत्रों की वास्तविक स्थिति और आवश्यक सामग्री का विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर प्रधान कार्यालय रायपुर को भेजा गया है। स्पेयर इन्वर्टर कुल 31 नग, बैटरी बैंक कुल 240 नग के लिए प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। क्रेडा अधिकारियों ने बताया कि स्पेयर इन्वर्टर और बैटरी बैंक उपलब्ध होते ही तकनीकी टीम द्वारा गांवों में तत्काल सुधार कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा आधारित सुविधाएँ पुनः सक्रिय हो सकेंगी। इन संयंत्रों के चालू हो जाने से पेयजल आपूर्ति में सुधार होगा, सामुदायिक भवनों, स्कूलों और पंचायत कार्यालयों में विद्युत सुविधा, ग्रामीण समुदाय की ऊर्जा आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण लाभ पुनः शीघ्र बहाल हो जाएंगे।

## आंगनबाड़ी सहायिका के लिए दावा आपत्ति 12 नवम्बर तक आमंत्रित

**कोरिया।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनहत अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका पद की पूर्ति हेतु मूल्यांकन समिति की बैठक पश्चात् चयनित सूची का प्रकाशन कार्यालय जनपद पंचायत सोनहत एवं एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनहत के सूचना पटल पर चश्या कर दी गई है। आंगनबाड़ी सहायिका, आंगनबाड़ी केन्द्र चेरवापारा (चन्दहा) के रिक्त पदों पर दावा आपत्ति के आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु 12 नवंबर 2025 तक नियत किया गया है। दावा आपत्ति के आवेदन पत्र कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनहत में जमा की जावेगी। दावा आपत्ति के आवेदन पत्र अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय एवं दिवस में ही स्वीकार की जावेगी। निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात् किसी प्रकार के दावा आपत्ति के आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगें।

# 15 से होंगी धान खरीदी प्रारंभ 9 नवम्बर से किसानों को जारी होंगे टोकन

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कृषि, सहकारिता, खाद्य, मार्कफेड तथा नोडल अधिकारियों को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि 15 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ होंगी इसके पूर्व सभी उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें और आवष्यक सुविधाएं सुनिष्चित भी करें। उन्होंने बारदाने से संबंधित व्यवस्था उपार्जन पूर्व करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देष दिए तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही नहीं बरतने की हिदायत दी।



धान उपार्जन एवं निराकरण प्रक्रिया में संभावित अनियमितताओं को नियंत्रित करने हेतु शासन द्वारा जिला एवं तहसील स्तर पर 'इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर' की स्थापना की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। उपार्जन केंद्र प्रभारियों और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान के उचित रखरखाव, किसानों की सुविधाओं और पारदर्शिता के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयपूर्व सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की 'किसानों से एक-एक दाना धान खरीदने की प्रतिबद्धता' को पूर्ण करने के लिए सभी स्तरों पर संवेदनशीलता और तत्परता अपेक्षित है। जिले के उपार्जन केंद्रों को पूर्व वर्षों के अनुभवों के आधार पर अतिसंवेदनशील, संवेदनशील एवं सामान्य श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। संवेदनशील केंद्रों पर पृथक नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे, जो नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट देंगे। खरीफ वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसान 22 हजार 126 से 1 लाख 37 हजार 468 मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है। विगत खरीफ वर्ष 2024-25 में पंजीकृत किसानों की संख्या 20 हजार 117 थीं, जिसमे से 19 हजार 606 किसानों ने उपार्जन केंद्रों में धान विक्रय किए थे। इस वर्ष साख सहकारी समिति सहित 21 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जाएगी। धान खरीदी के लिए टोकन आवेदन प्रक्रिया 9 नवम्बर 2025 से प्रारंभ होगी। किसानों को सुबह 8 बजे से सुबह 9.30 बजे प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों से कहा कि पीएम पोर्टल, सीएम जनदर्षन तथा जिला स्तरीय साप्ताहिक जनदर्षन में मांग एवं षिकायत से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण त्वरित गति से करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देष देते हुए कहा कि समय-सीमा के भीतर सभी आवेदनों का निरीक्षण कर संबंधित प्रकरणों का निराकरण करते हुए संबंधित आवेदकों को भी सूचना दें। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सड़कों, चौक, चौराहे पर घुमंतू एवं अवारा मवेषियों के जमावड़ा पर चिंता व्यक्त करते हुए पषु पालन विभाग, नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों को तत्काल इस पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में लगभग 25 आवेदको ने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के समक्ष अपनी समस्याओं एवं षिकायत तथा मांग से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए जिस पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देष दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती दीपिका नेताम सहित जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# बाल विवाह मुक्त करने चलेगा अभियान

**कोरिया।** जिले में बाल विवाह रोकने हेतु जिला प्रशासन ने अभियान को गति दी है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभी विभागों को अभियान की रणनीति के साथ विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। जिले में लगातार निगरानी और सतर्कता के बाद बाल विवाह के प्रकरण संज्ञान में कमी आई है। जिले ने लग्न मुहर्त के मद्देनजर बाल विवाह की आशंकाओं के तहत विशेष सर्तकता बरतने के भी निर्देश दिए हैं। विभाग के निर्देशों के बाद विभागीय अमला फील्ड में निगरानी कर रहा है।

बाल विवाह में कमी लाने हेतु विभाग द्वारा समाज प्रमुखों की बैठक ली गई थी, जिसमें समाज प्रमुखों को बाल विवाह न होने के लिए दिशा निर्देश दिए गये साथ ही समाज में बाल विवाह न हो इसके लिए सभी समाज प्रमुखों को अपने स्तर पर समाजिक बैठक लेकर बाल विवाह रोकने में अपनी भुमिका निभाने का आग्रह किया गया। जिले में सास-बहु सम्मेलन कराया गया जिसमें सास-बहुओ को बाल विवाह की जानकारी प्रदान की गई एवं सपथ दिलाया गया कि बाल विवाह रोकथाम हेतु प्रयास किया जायेगा। बाल विवाह के खिलाफ व्यापक जन जागरण अभियान के तहत गांवों में मुनादी, दीवार लेखन, पाम्पलेट वितरण, रैली के माध्यम से समाज को जागरूक किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बाल विवाह मुक्त कोरिया अभियान के तहत विभाग द्वारा सभी संबंधित विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सहयोग की अपील की है। बाल विवाह की सूचना पर तत्काल बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, नजदीकी थान प्रभारी, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, महिला हेल्प लाईन 181 पर जानकारी देने का अनुरोध किया गया है। बाल विवाह को गंभीर कानून अपराध मानते हुए दो साल की सजा या एक लाख रूपए तक जुर्माना या दोनो प्रावधान हैं। ग्राम पंचायत एवं नगरी निकाय को बाल विवाह मुक्त घोषित कर प्रमाण पत्र जारी करने की भी योजना बनाई गई है, जिसमें 02 नगरीय निकाय एवं 128 ग्राम पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा में बैठक कर प्रस्ताव लाया गया कि विगत दो वर्षों में ग्राम पंचायत में बाल विवाह होना नही पाया गया है व ग्रामीणों द्वारा प्रस्ताव पर आपत्ती नहीं आई है जिससे इन पंचायतों को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाया जाना प्रस्तावित है। शेष पंचायतों में चरणबद्ध स्तर पर बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाये जाने का प्रस्ताव लाया जाना है। बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाये जाने के लिए ग्राम स्तर पर कोटवार, पटवारी, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अन्य शासकीय अमले से सहयोग लेने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में सभी विभाग को पंजीबद्ध कर राजस्व विभाग के समन्वय से विवाह पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायत सचिवों, सेक्टर पर्यवेक्षकों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## अबूझमाड़ के जंगलों से निकला सुशासन का उजाला

**रायपुर।** कभी नक्सल हिंसा और भय के साये में जीवन जीने वाले नारायणपुर जिले के ओरछा विकासखण्ड के अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्राम कच्चापाल में अब सुशासन और आत्मनिर्भरता की किरणें पहुँच चुकी हैं। यह वही इलाका है जहाँ कभी बम धमाकों की गूँज और बंदूकों की आवाज़ें विकास के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा थीं। सड़क, बिजली, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित यह गांव अब नियद नेल्ला नार योजना के तहत विकास की मुख्यधारा से जुड़ चुका है। राज्योत्सव के भव्य मंच पर इस परिवर्तन की गूंज सुनाई दी जब कच्चापाल के आश्रित ग्राम ईरकभट्टी की दो महिलाएँ- मांगती गोटा और रेनी पोटाई -अपने हाथों से उगाई गई जैविक बासमती चावल लेकर राजधानी पहुँचीं। ये महिलाएँ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के लालकुंवर स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं।



## यातायात जागरूकता अभियान में नागरिकगण औरों को हेलमेट पहनने कर रहे जागरूक

**सूरजपुर।** यातायात जागरूकता और यातायात नियमों का पालन समय की जरूरत है क्योंकि लापरवाही के कारण एक्सीडेंट होते है और लोगों की असमायिक मृत्यु हो जाती है इसकी रोकथाम और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले के सभी थाना-चौकी व यातायात प्रभारी 1 नवम्बर से 15 नवम्बर 2025 तक यातायात जागरुकता अभियान चला रहे है जिसमें यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही नियमों का उल्लघंन करने वाले चालकों को जीवन में यातायात नियम के क्या मायने है उसकी जानकारी देते हुए सीट बेल्ट लगाने एवं बाईक चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। पुलिस नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और उनका उल्लंघन करने से बचने की अपील की। मंगलवार, 04 नवम्बर 2025 को पुलिस अधिकारियों ने कई स्थानों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत पुलिस ने स्कूली बच्चों, साइकिल, बस, ट्रक, ऑटो/टैक्सी चालकों, सार्वजनिक परिवहन कर्मचारी और दैनिक यात्रियों को नियमों के पालन और अनुशासित सड़क उपयोग के महत्व की जानकारी दी। दोपहिया वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों को बिना हेलमेट के वाहन चलाने के गंभीर परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि यातायात नियमों का पालन हेतु नागरिकों को जागरूक करने हेतु हेलमेट पहने लोगों से औरों के लिए हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील भी कराई जा रही है। अभियान के दौरान आमजनता का भरपूर सहयोग भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मकसद लोगों को सड़क अनुशासन और ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है। पुलिस अभियान के दौरान सीधे लोगों से बातचीत कर उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बता रही है। यह अभियान आगे भी नियमित जारी रहेगा ताकि सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। पुलिस के जागरूकता अभियान में सड़क पर हेलमेट लगाकर सफर कर लोग अन्य नागरिकों को हेलमेट पहनकर बाईक चलाए कहते नजर आए और बताया कि हाथ-पैर में चोट लगा तो वह ठीक हो जायेगा किन्तु हेलमेट न पहनने की स्थिति में सिर में चोट लगाने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है।

# सबका साथ-सबका विकास और स्कूल आ पढ़े बर- जिनगी ल गढ़े बर जैसे नारे गढ़ने वाले छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र उमेश मिश्र की रोचक कहानी

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रहा है। यह केवल विकास का उत्सव नहीं, बल्कि उन अनगिनत कर्मयोगियों की श्रमगाथा का उत्सव भी है, जिन्होंने परदे के पीछे रहकर राज्य की दिशा, नीति और छवि गढ़ी। ऐसे ही मौन और सृजनशील कर्मयोगियों में एक प्रमुख नाम है उमेश कुमार मिश्र।



लगातार 24 वर्ष तक मुख्यमंत्री सचिवालय में कार्य कर उन्होंने शासन, प्रशासन और जनसंचार की धुरी में स्वयं को स्थापित किया। रायपुर के फूलचौक- नयापारा निवासी श्री मिश्र का सफर पत्रकारिता से शुरू हुआ। देशबन्धु समाचार पत्र में उनकी लेखनी ने ऐसी पहचान बनायी कि 1991 में वे रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने। पत्रकारिता से अर्जित भाषा की साफगोई, संवेदना और दृष्टि ने आगे चलकर उन्हें शासन के सबसे महत्वपूर्ण केंद्र मुख्यमंत्री सचिवालय तक पहुँचा दिया। राज्य निर्माण के समय उन्हें जबलपुर से विशेष रूप से बुलाया गया। वहाँ से उनका सृजन-यात्रा आरंभ हुई, जो मुख्यमंत्रियों श्री अजीत जोगी, डॉ. रमन सिंह और वर्तमान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कार्यकाल तक निरंतर जारी रही। स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, विधानसभा सत्र, नीति आयोग बैठकें, राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के दौरों ऐसे प्रत्येक अवसर पर प्रदेश की नीतियों को विचार की भाषा देने का काम श्री मिश्र करते रहे। उनकी लेखनी ने 'विकास यात्रा', 'लोक सुराज' एवं 'ग्राम सुराज अभियान', 'रमन के गोठ' और 'लोकवाणी' जैसे लोक-संवाद अभियानों को लोक-भाषा दी। संदेश को जनता तक सीधे पहुँचाने वाली यह शैली छत्तीसगढ़ प्रशासन की संप्रेषण पहचान बन गई। कई ऐसे नारे जो आज सामान्य बोलचाल में प्रचलित हैं, वास्तव में श्री मिश्र की रचनात्मक सोच की देन हैं सबका साथ-सबका विकास, स्कूल आ पढ़े बर- जिनगी ल गढ़े बर, सौर सुजला, हेलमेट जागरूकता के भावनात्मक स्लोगन और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट आयोजन की लोकप्रिय लाइन 'अब होगी हैट्रिक। इन्होंने सरकारी योजनाओं को नारा नहीं, बल्कि आंदोलन बनाया। 3 रूपए किलो चावल' योजना के प्रचार के लिए विशेष सिक्का डिजाइन और उसका राज्यव्यापी संचार उनका ही सृजन था। यह अभियान राष्ट्रीय स्तर पर मिसाल बन गया। वर्ष 2013 के घातक नक्सली हमले के बाद प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की उपस्थिति में जारी प्रेस बयान मात्र कुछ ही मिनटों में सटीक और संतुलित रूप में तैयार करना श्री मिश्र की क्षमता का प्रमाण था। जिसे स्वयं मुख्य सचिव ने राज्य की गंभीरता और गरिमा का प्रतीक कहा। मुख्यमंत्री सचिवालय में उनके सबसे विश्वसनीय सहयोगी रहे जनसंपर्क अधिकारी विजय मानिकपुरी। श्री मिश्र मुस्कुराते हुए कहते हैं मानिकपुरी मेरे लिए 108 इमरजेंसी सेवा जैसे हैं। यह जोड़ी सचिवालय में रात्रि 6 बजे से लेकर भोर 6 बजे तक निरंतर सृजन में लगी रहती थी। कक्ष क्रमांक 379 (पुराना मंत्रालय) से लेकर महानदी भवन के कक्ष रू5 तक। श्री मिश्र ने मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी, मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव, छत्तीसगढ़ संवाद के निदेशक, जनसंपर्क विभाग के संयुक्त सचिव.जैसे पदों पर 13 वर्ष से अधिक मंत्रालय में कार्य किया। उनकी पहचान लो-प्रोफाइल, उच्च-योग्यता, सौम्य व्यवहार और संगठन संचालित नेतृत्व के रूप में रही। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) के रूप में अपनी रचनाशीलता का योगदान दे रहे हैं।

## ग्रामीण आजीविका संसाधनों और पक्के आवासों से खुल रही विकास की नई राह

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का प्रदर्शनी स्टॉल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहाँ प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का मॉडेल, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा एवं अमृत सरोवर जैसी योजनाओं की झलकियाँ दिखाई गई हैं। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत संचालित महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित विविध उत्पादों की प्रदर्शनी भी लोगों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही है। राज्योत्सव के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री भइयालाल राजवाड़े ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नव-निर्मित आवासों की प्रतीकात्मक चाभी ग्राम पंचायत भांड़ी के हितग्राही श्री रामस्वरूप, श्रीमती सुमरी, श्रीमती लालो तथा श्रीमती बइया को प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।



छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
डबल इंजन की सरकार में
विकास सुपरफास्ट
रावघाट-जगदलपुर रेल परियोजना
के साथ रेल नेटवर्क मैप से जुड़ रहा बस्तर
पीएम जनमन योजना
PM JANMAN
के साथ जनजाति समुदाय का हो रहा विकास
बोधघाट परियोजना
दक्षिण छत्तीसगढ़ में बोधघाट परियोजना बनेगी हरियाली और समृद्धि का वरदान
महतारी वंदन
से महिलाओं को संबल
समृद्ध किसान
किसानों को बकाया बोनस, पीएम किसान सम्मान निधि का भी लाभ
पी एम आवास
26 लाख से अधिक परिवारों को अपना पक्का आवास
जगदलपुर- विशाखापत्तनम और रायपुर- विशाखापट्टनम
नई सड़क परियोजनाओं से विकास की नई राहें
स्पष्ट नीति और मजबूत निर्णयों के साथ सुशासन का राज
S-45738/1
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए Q.R. Code स्कैन करें
सुशासन से समृद्धि की ओर
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

## शराब की पूर्ति नहीं करने पर किया जख्मी

**कोरबा।** शराबियों की हरकतों के कारण यहां-वहां गजब के तमाशे हो रहे हैं और सभ्रांत लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सिविल लाइन पुलिस ने ऐसी ही एक घटना को लेकर मारपीट करने वालों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। गोढ़ी गांव में यह घटना हुई। बताया गया कि यहां पर कुछ व्यक्तियों ने मिलकर निखिल कुमार से जमकर मारपीट की। उसे सड़क पर फेंका और फिर चलते बने। दूसरे लोगों की मदद से पीड़ित को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है। कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि शराब के शौकीन लोगों की भूमिका इस घटनाक्रम में बताई जा रही है। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उससे रुपए देने की मांग की थी ताकि वे अपनी जरूरत को पूरा कर सके। युवक ने इसे न केवल नजरअंदाज किया बल्कि अनुचित बताया। जिसके बाद उससे ताबड़तोड़ मारपीट की गई। उनकी तलाश की जा रही है।

## शुरू हुई एसआईआर : गणना पत्रक बांटने में जुटी टीम, स्थानांतरण पर लगाई रोक

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कोरबा जिले में भी एसआईआर की प्रक्रिया से शुरू हो गई। वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मौजूदा सूची का मिलान करने के अलावा मतदाताओं के कई दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है। इसके लिए उन्हें पहले ही जानकारी दे दी गई है। इसके पीछे पात्र लोगों को मतदाता का अधिकार देना होगा। अपात्रों को व्यवस्था से पूरी तरह हटाना है। राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने एसआईआर के काम में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों के स्थानांतरण पर रोक लगाने वाला आदेश भी जारी कर दिया है।

बिहार सहित कई क्षेत्रों में फर्जी तरीके से वोट डाले जाने के मामले का खुलासा होने और इसके पीछे के खतरों को ध्यान में रखने के साथ निर्वाचन आयोग ने देश भर में विशेष पुनरीक्षण अभियान शुरु कराया है। कुछ इलाकों में इस पर सहमति तो कुछ जगह बेमतलब की आपत्ति की जा रही है। इन सबसे परे आयोग ने कहा है कि यह काम तो होकर रहेगा। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में प्रक्रिया जारी है। कोरबा जिले में एसआईआर प्रक्रिया धरातल पर उतरने के साथ टीमें एक्टिव हो गई है। जबकि इससे पहले ही बूथ लेबल अधिकारियों और उनके सहयोगियों को विधानसभावार प्रशिक्षण दे दिया गया है। राजनीतिक दलों की बैठक लेने के साथ लोगों को एसआईआर के महत्व और इस मामले में बूथ लेबल एजेंटों की भूमिका बताई जा चुकी है। एसआईआर के दौरान अपनाई जाने वाली पद्धति में इनकी भूमिका मतदाताओं से जुड़ी समस्याओं से प्राथमिक सहयोग की हो सकती है। खबर के अनुसार कोरबा जिले में इस काम के लिए जो टीमें लगाई गई है उन्हें उपलब्धता के आधार पर गणना पत्रक दिए गए हैं और उक्तानुसार संबंधित कर्मियों ने अपना काम शुरू किया है। जानकारी मिली कि मुख्य रूप से 2003 की मतदाता सूची से मौजूदा सूची को मैच किया जाएगा। मतदाता की पात्रता का एक आधार यह भी है, इसके अलावा मतदाता सत्यापन के लिए 12 प्रकार के विकल्प भी दिए गए हैं। इनमें किसी को भी प्रस्तुत करने पर यह बात स्थापित होगी कि मतदाता संबंधित विधानसभा क्षेत्र के मामले में अपनी पात्रता रखता है। इसके बाद भी कई मामले ऐसे हैं जिनमें मतदाताओं के दूसरे राज्यों से कनेक्शन और मौजूदा विधानसभा क्षेत्र में उपस्थिति के अलावा कई चीजों के बारे में परीक्षण के साथ पूछताछ करने का प्रावधान है। संतोषजनक स्थिति होने पर अंतिम रूप से तय होगा कि उसे पात्र मानते हुए अधिकार देना है या अपात्रता के सिद्धांत पर छंटाई करना है।

एसआईआर का काम नवंबर के प्रथम सप्ताह से शुरू होकर फरवरी तक चलना है। लगभग 120 दिन में इसकी पूर्ति की जाए, इस पर जोर है। इसके पश्चात् अंतिम रूप से मतदाता सूची अपडेट की जाएगी, तब स्पष्ट हो सकेगा कि कोरबा जिले के किस विधानसभा क्षेत्र के कितने मतदाताओं की छंटाई की गई और कुल कितनी जनसंख्या ने अपना अधिकारी सुनिश्चित किया। दूसरी ओर राज्य सरकार ने एसआईआर को गंभीरता से लेते हुए इस कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टी के लिए अगले आदेश तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। जीएडी की अवर सचिव अंशिका ऋषि पांडेय ने आदेश जारी किया है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर पुण्य स्नान के साथ दीपदान की निभाई परंपरा



**कोरबा।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रगति नगर के देव तालाब और ऊर्जा नगर गेवरा के बड़े शिव मंदिर तालाब में सुबह से ही महिलाएं पूजा पाठ के लिए मंदिर परिसर में पहुंची। आज बुधवार को तड़के करीब 5:00 बजे महिलाएं तालाब किनारे पहुंचीं और सूर्योदय से पहले विधिवत पूजा-अर्चना कर द्वीपदान किया। तालाब में तैरते दीपों की रोशनी ने चारों ओर प्रकाशमय थी।

धार्मिक मान्यता के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा पर द्वीपदान का विशेष महत्व है। तालाब में द्वीप दान करने पहुंची श्रीमती भोली जायसवाल, सुनीता भदौरिया,हेमलता चंद्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि आज के दिन नदी तालाब में द्वीप प्रवाहित करने से पितृ दोष शांत होता है, घर-परिवार में सुख-समृद्धि आती है और अधूरे कार्य सिद्ध होते हैं। इसलिए महिलाएं दीये जलाकर भगवान विष्णु और भगवान शिव से परिवार की मंगलकामना करती हैं। इसी परंपरा को निभाते हुए तालाब में दीप प्रवाहित कर घर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। पूजा संपन्न होने के बाद महिलाओं ने सामूहिक रूप से पीपल वृक्ष और तुलसी माता की आरती किया। तालाब किनारे पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा और सुबह की पहली किरणों के साथ दीपों की झिलमिलाहट देखते ही बन रही थी।

## खेत में लगे बोर पाईप व पेनलबोर्ड को हाथियों ने तोड़ा



**कोरबा।** वन मंडल कोरबा के करतला रेंज अंतर्गत बड़मार एवं पीडिया क्षेत्र में सक्रिय हाथियों के दल ने बीति रात एक साथ मिलकर पीडिया गांव में जमकर उत्पात मचाया इस दौरान हाथियों ने एक ग्रामीण केखेत में लगे बोर के पाईप व पेनलबोर्ड को तोड़ दिया तथा पीडिया,सेंद्ररीपाली ,श्रीमार तथा तीलईडबरा में 15 से अधिक किसानों के धान फसल को रौंद कर मटीयामेट कर दिया। हाथियों का उत्पात रात भर चला और सुबह होने से पहले पीडिया जंगल में पहुंचकर डेरा डाल दिया। हाथियों के उत्पात से ग्रामीण हलाकान रहे ।पीड़ित किसानों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आज सुबह मौके पर पहुंचे और हाथियों द्वारा रात में किए गए नुकसानी का आकलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की। पीडिया क्षेत्र में हाथियों का दल ऐसे समय में पहुंचा है। जब खेतो में ग्रामीणों द्वारा लगाए गए धान की फसल पक कर तैयार है। और ग्रामीण उसे काट कर अपने खलिहानों में ले जाने की तैयारी कर रहे है। ऐसे में हाथियों द्वारा उत्पात मचा कर उनकी मेहनतों व अरमानों पर पानी फेर दे रहे है। फलस्वरूप ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त होना स्वभाविक है। उधर कटघोरा वन मंडल में भी हाथियों का उत्पात अनवरत जारी है। यहां के जंगलों में 42 की संख्या में हाथी आमाटिकरा व परला के आसपास विचरण कर रहे है। तथा लगातार फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ उसे तहस नहस कर मेहनतों पर पानी फेर रहे है।

### एचटीपीएस प्रबंधन ने ऑनसाइट इमरजेंसी का किया डेमो

## 840 मेगावाट बिजली घर के क्लोरिनेशन प्लांट में दुर्घटना के दौरान बचाई एक कर्मी की जान

**कोरबा।** हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में उस समय हड़कंप मच गया जब क्लोरीनेशन प्लांट में हताहत होने की सूचना आपात स्थिति नियंत्रक केंद्र को दी गई। केवल 45 सेंकड में रिस्पांस करते हुए सुबह के 11.59 बजे अग्निशमन कर्मचारी अपने वाहन के साथ पहुंचे और तुरंत ही क्लोरीनेशन प्लांट के सामने पानी की बौछार कर एक वाटर कर्टेन तैयार किया ताकि वहां पर क्लोरीन गैस के रिसाव को रोका जा सके। क्लोरीनेशन प्लांट के अंदर एक कर्मचारी फिसलकर गिर गया था जिससे वह चोटिल हो गया। उसे अग्निशमन कर्मचारियों द्वारा रेसक्यू किया गया।

क्लोरीनेशन प्लांट की शिफ्ट इंचार्ज सविता पटेला ने बताया कि क्लोरीनेशन प्लांट में टोनर को बदलने के बाद क्लोरीन गैस का रिसाव हुआ था। इससे अलार्म बजा। शिफ्ट इंचार्ज द्वारा घटना की सूचना आपात स्थिति नियंत्रक केंद्र को दी गई। आपात स्थिति नियंत्रक केंद्र ने त्वरित रूप से मुख्य दुर्घटना नियंत्रक,



अग्निशमन विभाग, सुरक्षा विभाग, संधारण विभाग एवं औद्योगिक स्वास्थ्य केंद्र को सूचना दी। यह संरक्षा विभाग की ओर से संयुक्त पूर्वाभ्यास था, जिसमें डीएसपीएस कोरबा पूर्व समेत अन्य औद्योगिक इकाइयां एनटीपीसी, बालको, आईओसीएल, एलपीजीबीपी के संरक्षा विभाग के प्रतिनिधि शामिल रहे। इसके बाद औद्योगिक इकाई एनटीपीसी, बालको, आईओसीएल, सह एलपीजीबीपी के संरक्षा विभाग के प्रतिनिधियों के सूक्ष्म निरीक्षण संबंधी बातों को कारखाना प्रबंधक ने सुना और कार्यप्रणाली में आवश्यक बदलाव लाकर प्रक्रियाओं को और दुरूस्त करने की बात कही। इस पूर्वाभ्यास में रसायन विभाग से वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ एके कुरनाल, अधीक्षण अभियंता (संरक्षा) आरके बंजारा, अधीक्षण अभियंता (संचालन) नरेंद्र कुमार उइके, अधीक्षण अभियंता (टरबाइन मेंटेनेंस) मनोज जायसवाल, अग्निशमन विभाग से जीपी पनरिया, मुख्य सुरक्षा अधिकारी आरके. चैरे अपने दलबल के साथ शामिल हुए।

क्लोरीन प्लांट में बड़े-बड़े सिलेंडर में क्लोरीन गैस स्टोर रहता है। यहां क्लोरीनेटर सिस्टम के जरिए क्लोरीन को पानी में घुलित किया जाता है। यह पानी विद्युत संयंत्र में उपयोग किया जाता है। क्लोरीनेशन से विद्युत संयंत्र का पानी लंबे समय तक साफ-सुथरा रहता है। रसायन विभाग पानी को विभिन्न विधियों से निष्पादित कर खनिज रहित पानी तैयार करता है जिसे विद्युत संयंत्र में उपयोग किया जाता है।

## तेरा पानी अमृत... आज शाम हसदेव की आरती



**कोरबा।** नदियों के पानी का अलग-अलग कार्य में उपयोग करने के साथ उनके प्रति सम्मान का भाव लोगों में सदियों से रहा है। कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली पर नगर में नमामि हसदेव सेवा समिति आज शाम हसदेव नदी की महा आरती करेगी। कार्यक्रम में काफी भीड़ जुटने की संभावना के मद्देनजर सुरक्षा के स्तर पर व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

हसदेव महा आरती के लिए क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण बना हुआ है। देव दीपावली पर आज नगर और आसपास के क्षेत्र में स्थित नदियों और जलाशय में हिंदू समुदाय ने पुण्य स्नान किया। कोरबा सहित कई जिला के लिए लाइफ लाइन कहीं जाने वाली हसदेव के योगदान को ध्यान में रख आज शाम महा आरती होगी। विधि विधान के साथ इस कार्य को संपन्न किया जाएगा। इस कार्य के साक्षी बनने के लिए लोग उत्साहित हैं। महा आरती के बाद घाटों को आलोकित किया जाएगा । नमामि हसदेव ने नदी को 108 मीटर लम्बी चुनरी भी अर्पित करना तय किया है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के कई साधु संत सहित विशिष्ट जन और स्थानीय लोगों उपस्थित रहेंगे

## बालको सीईओ ने किया कॉफी हाउस का उद्घाटन

**कोरबा।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने मंगलवार को बालकोनगर में नवस्थापित इंडियन कॉफी हाउस (आईसीएच) का शुभारंभ किया। अपनी विशिष्ट स्वाद, उत्कृष्ट गुणवत्ता और समृद्ध परंपरा के लिए प्रसिद्ध इंडियन कॉफी हाउस का यह नया केंद्र अब बालको परिवार, कर्मचारियों और नगरवासियों के लिए एक नया आकर्षण स्थल बन गया है।

नव उद्घाटित इंडियन कॉफी हाउस को आधुनिक और सौंदर्यपूर्ण वातावरण में तैयार किया गया है। यहाँ बैठने की आरामदायक व्यवस्था, सुरुचिपूर्ण साज-सज्जा और शांत माहौल इसे विशेष बनाते हैं। यह स्थल न केवल स्वादिष्ट कॉफी और लज़ीज़ व्यंजनों का आनंद लेने का अवसर देता है, बल्कि सामाजिक मेल-मिलाप, अनौपचारिक बैठकों और पारिवारिक संवादों के लिए भी एक आदर्श स्थान साबित होगा।

कॉफी हाउस में पारंपरिक भारतीय कॉफी के साथ-साथ विविध स्नैक्स, दक्षिण भारतीय व्यंजन, डोसा, इडली, वडा, कटलेट, सैंडविच, नाश्ते की विविध श्रृंखला और हल्के भोजन की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई गई है। यह सभी नगरवासियों और आगंतुकों को आकर्षित कर रहा है। इस अवसर पर बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने



कहा कि बालको सदैव अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए बेहतर जीवनशैली, सुविधाएं और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इंडियन कॉफी हाउस का यह नया केंद्र न केवल स्वाद और गुणवत्ता का अनुभव देगा, बल्कि यह हमारे टाउनशिप के सामाजिक संबंधों को और सशक्त बनाने का माध्यम भी बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि बालको परिवार के सदस्यों के लिए यह स्थल आत्मीयता, संवाद और सहयोग का प्रतीक बनेगा। यह कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के बीच आपसी जुड़ाव और सौहार्द का वातावरण विकसित करेगा। बालको प्रबंधन अपने टाउनशिप को उत्कृष्ट बनाने हेतु लगातार विभिन्न नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण में जुटा है। नेहरू पार्क परिसर, बालको स्टेडियम, आधुनिक अस्पताल, उच्च स्तरीय विद्यालय और सामुदायिक केंद्र जैसे उपक्रमों ने बालकोनगर के जीवन को समृद्ध और आधुनिक बनाया है। इन्हीं निरंतर प्रयासों की श्रृंखला में स्थापित इंडियन कॉफी हाउस नगर के सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक जीवन में नई ऊर्जा का संचार करेगा। यह नया केंद्र न केवल स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्रदान करेगा, बल्कि बालकोनगर के सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करते हुए एक जीवंत और उत्साहपूर्ण माहौल का सृजन करेगा। इसके शुभारंभ से बालकोनगर में नागरिक सुविधाओं की एक और नई कड़ी जुड़ गई है, जो आने वाले दिनों में नगर की पहचान और गौरव को और बढ़ाएगी।

## आरपी तिवारी पंचतत्व में विलीन

**कोरबा।** नगर पालिका निगम कोरबा के पूर्व उपायुक्त आरपी तिवारी का अंतिम संस्कार आज दोपहर पौड़ीबाहर मुक्तिधाम में कर दिया गया। 78 वर्षी श्री तिवारी का कुछ दिनों से स्वास्थ्य ठीक नहीं था और वह बालको अस्पताल में भर्ती थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

फ्लैट बेचना है
बुधवारी बाजार घंटाघर रोड स्थित पावर हाइट सोसायटी में 3 बीएचके सेमी फर्निश्ड फ्लैट बेचना है।
संपर्क करें
8770934804

सेल्समेन की आवश्यकता है
Shree Balaji Pharma
स्थान : कोरबा (Korba)
क्या आप हेल्थकेयर सेक्टर में अपना करियर बनाना चाहते हैं?
Shree Balaji Pharma आपको एक सुनहरा अवसर दे रही है अपनी सेल्स टीम में शामिल होने का।
योग्यता :
➲अच्छे कम्युनिकेशन और प्रेजेंटेशन स्किल्स
➲फ्रेशर या एक्सपीरियंस दोनों आवेदन कर सकते हैं।
संपर्क करें
9589590999







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com